सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

वर्ष- 15 अंक - 154 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 17 मार्च 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

खास-खबर

युवक का शव मिलने से फैली सनसनी, गले पर मिले निशान, हत्या की आशंका

कोरबा। जिले के पाली बसीबार में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक की लाश घर से दूर बाड़ी में पड़ी मिली। फॉरेसिंग एक्सपर्ट की टीम ने शव का बारीकी से निरीक्षण किया तो गले में निशान मिले। जिससे किसी तार या फिर रस्सी से गला घोंटकर हत्या की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, पाली थानांतर्गत ग्राम बसीबार में शोभा सिंह यादव का परिवार निवास करता है। 18 वर्षीय पुत्र अमन कुमार यादव की लाश घर से दूर दिलीप कुमार के बाड़ी में मिली। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चमन लाल सिंहा अपनी टीम के साथ मौके पर जा पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का मुआयना करते हुए फोरेसिंक एक्सपर्ट को अवगत कराया। इस दौरान मृतक के गले पर निशान मिले हैं। जिससे पूरा मामला संदिग्ध हो गया है। संभावना जताई जा रही है कि किसी तार या फिर रस्सी से गला घोंटकर हत्या की गई होगी। हालांकि पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिले हैं। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलते ही जांच तेज कर देगी।

दिनदहाड़े व्यापारी का अपहरण, नाकाबंदी में पकड़ाए

जगदलपुर। बस्तर जिले के फरसागुड़ा गांव के एक व्यापारी को कुछ बदमाशों ने दिनदहाड़े अगवा कर लिया। एक कार से पहुंचे लगभग 5 युवक उसे दुकान से उठाकर अपने साथ ले गए। हालांकि, वारदात के कुछ ही घंटे के अंदर पुलिस ने सभी को पकड़ लिया है। बताया जा रहा है कि मामला प्रेस-प्रसंग से जुड़ा हुआ है। इसी के चलते वारदात हुई। मामला भानपुरी थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, युवक का नाम आशीष संचेती है जो फरसगुड़ा का रहने वाला है। शनिवार शाम को आशीष अपनी दुकान में था। इसी दौरान काले रंग की एक कार से कुछ युवक इसकी दुकान पहुंचे। इसके साथ मारपीट की औक फिर जबरन अपने साथ लेकर चले गए। यह पूरी वारदात दुकान के बाहर लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे में कैद हो गई। किडनैपिंग की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे पर जगह-जगह नाकेबंदी की गई। हालांकि, बस्तर से बाहर निकलने से पहले ही सभी को पकड़ लिया गया। युवक रायपुर-भिलाई के रहने वाले हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 : तीन चरणों में होंगे चुनाव छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पर भारी रही है भाजपा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। देश में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए शंखनाद हो गया है। चुनाव आयोग ने शनिवार को चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। देश में कुल 7 चरणों में लोकसभा चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर शुरुआती तीन चरणों में मतदान हो जाएगा। वहीं 4 जून को इसके नतीजे आएंगे। प्रदेश में 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग होगी जिसमें एक सीट बस्तर के लिए मतदान किया जाएगा। 26 अप्रैल को तीन सीटों राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर में वोटिंग होगी। वहीं तीसरे चरण में सात मई को सात सीटों सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर में मतदान किया जाएगा।

बता दें छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद अब यहां भाजपा की सरकार है। छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा सीटें हैं जिसमें से नौ लोकसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है, तो वहीं दो कांग्रेस के खाते में हैं। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने चार सांसदों को चुनाव मैदान में उतार दिया था जिसमें से तीन सांसद विधायक बनने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार का हिस्सा हैं। इनमें से एक अरुण साव छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री हैं। शनिवार को लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले की भाजपा ने सभी 11 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया जबकि कांग्रेस ने अभी तक छह प्रत्याशियों का ही एलान किया है। पांच सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा का इंतजार है।

भाजपा ने 11 सीटों पर किया उम्मीदवारों का ऐलान

भाजपा ने रायपुर लोकसभा सीट से बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग से सीट से विजय बघेल, राजनांदगांव सीट से संतोष पांडेय, सरगुजा सीट से चिंतामणि महाराज, बिलासपुर सीट से तोखन साहू, कोरबा सीट से सरोज पांडेय, महासमुंद सीट से रूप कुमारी, रायगढ़ सीट से राधेश्याम राठिया, बस्तर सीट से महेश कश्यप, कांकेर सीट से भोजराज नाग और जांजगीर से कमलेश जांगड़े को उम्मीदवार बनाया है। वहीं कांग्रेस ने राजनांदगांव से पूर्व सीएम भूपेश बघेल, कोरबा से ज्योत्सना महंत, रायपुर से विकास उपाध्याय, जांजगीर चांपा से शिवकुमार डहरिया, महासमुंद से ताम्रध्वज साहू, राजेन्द्र साहू को कांग्रेस ने दुर्ग से प्रत्याशी घोषित किया है जबकि पांच सीटों पर अभी उम्मीदवार उतारना बाकी है।

छत्तीसगढ़ में भाजपा का पलडा भारी

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद अब तक 4 बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। इन चारों चुनावों में भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पर भारी पड़ी है। 2004, 2009 और 2014 में छत्तीसगढ़ की 11 में से 10 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी। 2018 में छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस ने भारी बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ में सरकार बनाई। इसके ठीक एक साल बाद हुए लोकसभा चुनाव में माना जा रहा था कांग्रेस पिछले सारे रिकार्ड तोड़कर शानदार प्रदर्शन करेगी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। 2018 का विधानसभा चुनाव में बड़ी हार के बावजूद 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 11 में से 9 सीटें जीतने में सफल रही। इन चार चुनावों में कांग्रेस के कई दिग्गजों को हार का सामना करना पड़ा है। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, चरणदास महंत, दिवंगत पूर्व सीएम अजीत जोगी, श्यामाचरण शुक्ल और बस्तर टाइगर कहे जाने वाले महेंद्र कर्मा का नाम शामिल है। वहीं भाजपा से सरोज पांडेय और कांग्रेस छोड़कर एनसीपी और फिर भाजपा में शामिल हुए विद्याचरण शुक्ल को भी हार झेलनी पड़ी। इसके बाद विद्याचरण कांग्रेस में दोबारा शामिल हो गए। महेंद्र कर्मा और विद्याचरण कांग्रेस के उन दिग्गज नेताओं में शामिल हैं, जो झीरम घाटी नक्सली हमले में मारे गए थे।

ऐसा था 2019 में चुनाव का परिणाम, भाजपा को मिली 9 सीटें

2019 के लोकसभा चुनाव 11 अप्रैल से लेकर 19 मई के बीच सात चरणों में हुए थे। छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में मतदान हुए थे। चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ में 11 अप्रैल 2019, 18 अप्रैल 2019 और 23 अप्रैल 2019 को तीन चरणों में मतदान की घोषणा की थी। 2019 में 11 अप्रैल को बस्तर, 18 अप्रैल को राजनांदगांव, महासमुंद, कांकेर और 23 अप्रैल को सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चंपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर में वोटिंग हुई थी। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने नौ और कांग्रेस ने दो सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं, 2014 के चुनाव में बीजेपी ने 10 और कांग्रेस ने एक सीट जीती थी। इसके अलावा 2009 में बनी यूपीए सरकार के दौरान बीजेपी ने 10 और कांग्रेस को सिर्फ एक सीट ही मिली थी।

छत्तीसगढ़ में मंत्री-विधायकों से वापस ली जाएंगी गाड़ियां

- राजधानी में कलेक्टर ने की सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां कैंसिल
- लीव पर गए अधिकारी-कर्मचारी बुलाए गए वापस

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव के चलते जिला प्रशासन भी हरकत में आ गया है। रायपुर कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों की छुट्टी पर बैन लगा दिया है।

आचार संहिता लागू होने के बाद कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने जनप्रतिनिधियों को आवंटित वाहन वापस लेने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। चुनाव की तारीख ऐलान के दिन से चुनाव रिजल्ट आने तक सभी नेता और जनप्रतिनिधियों की गाड़ियां वापस ली जाएंगी। कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने आदेश जारी कर कहा कि लोकसभा चुनाव तक कोई भी अधिकारी और कर्मचारी छुट्टी नहीं ले सकेंगे और वे मुख्यालय छोड़कर भी नहीं जा सकते। आचार संहिता लगने से पहले कई अधिकारियों ने छुट्टी के लिए आवेदन किया था। कुछ अधिकारी जो छुट्टी पर थे, उन्हें भी वापस लौट कर आने को कहा गया है। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है। अस्त्र-शस्त्र धारण करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर ने आदेश दिया है कि कोई भी व्यक्ति तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू, छुरी, कुल्हाड़ी, गुप्ती, त्रिशूल जैसे शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थान पर नहीं निकलेगा। जिन सरकारी कर्मचारियों को वेपन रखना है वे ड्यूटी के दौरान इसे रख सकेंगे।

इन्हें दी गई छूट

कलेक्टर ने कहा कि यह आदेश उन लोगों पर भी लागू नहीं होगा, जो शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था और दिव्यांगता के कारण सहारे के रूप में लाठी लेकर चलते हैं। धार्मिक आस्था के आधार पर धारित अस्त्र-शस्त्र पर भी यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

डब्ल्यूपीएल के फाइनल मैच में दिल्ली व आरसीबी के बीच टक्कर

- मुंबई इंडियन्स को हराकर आरसीबी पहुंची फाइनल में

नई दिल्ली (एजेंसी)। महिला प्रीमियर लीग का दूसरा सीजन साहिल पर पहुंच चुका है। रविवार (17 मार्च) को इस टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले इस मैच में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। आरसीबी पहली बार इस लीग के फाइनल में पहुंची है जबकि दिल्ली कैपिटल्स लगातार दूसरी बार फाइनल का सफर तय करने वाली पहली टीम बन गई।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने शुक्रवार को गत विजेता मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। मंधाना के नेतृत्व में टीम ने एमआई को पांच रन से कभी न भूलने वाली शिकस्त दी। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स ने आठ मैचों में छह जीत दर्ज की और अंक तालिका में शीर्ष पर रही। मेग लैनिंग की अगुवाई वाली टीम को पिछले सीजन खिताबी मैच में मुंबई इंडियंस ने करारी शिकस्त दी थी। उम्मीद है कि दिल्ली अपनी पिछली गलतियों से सबक लेकर फाइनल में दमदार प्रदर्शन करती नजर आएगी। ऐसे में देखने वाली बात यह होगी कि कप्तान किन खिलाड़ियों को प्लेइंग 11 का हिस्सा बना सकती हैं।

दोनों टीमों के हेड टू हेड रिकॉर्ड

इस सीजन में दोनों टीमों का प्रदर्शन शानदार रहा है। दिल्ली ने आठ मुकाबलो में कुल छह मैच जीते जबकि आरसीबी को चार मैचों में जीत मिली है। दोनों टीमों की लीग स्टेज पर दो बार भिड़ंत हुई है जिसमें टीम मेग लैनिंग के नेतृत्व वाली टीम को दोनों मैचों में जीत मिली। आज तीसरी बार दोनों भिड़ेंगे। यह मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। माना जा रहा है कि दिल्ली की टीम को घरेलू कंडीशंस का फायदा मिल सकता है।

आचार संहिता उल्लंघन पर कार्रवाई करेगा चुनाव आयोग का उड़न दस्ता

- लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद मुख्य चुनाव अधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने की मीडिया से चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही छत्तीसगढ़ में आचार संहिता लागू हो गई है। राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले ने लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को प्रेसवार्ता के जरिए मीडिया से चर्चा की। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राज्य के 11 लोकसभा सीटों पर तैयारियों से लेकर मतदाताओं को लेकर जानकारी दी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कंगाले ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में कुल 11 लोकसभा सीटों में 6 लोकसभा सीट अनारक्षित, 4 सीट अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है। वहीं 1 सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। उन्होंने कहा कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू है और इसका उल्लंघन करने वालों पर 100 मिनट में कार्रवाई होगी।

11 रिटर्निंग अधिकारी एवं 90 सहायक रिटर्निंग अधिकारी

चुनाव अधिकारी कंगाले ने बताया कि राज्य में निर्वाचन संपन्न कराये जाने के लिए 11 रिटर्निंग अधिकारी एवं 90 सहायक रिटर्निंग अधिकारी अधिसूचित किये जा चुके हैं। उन्हें प्रशिक्षित भी किया जा चुका है। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही अब छत्तीसगढ़ राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 5 लाख 13 हजार 2 सौ बावन है जिनमें से 1 करोड़ 1 लाख 80 हजार 4 सौ पांच पुरुष मतदाता एवं 1 करोड़ 3 लाख 32 हजार 1 सौ पंद्रह महिला मतदाता पंजीकृत हैं।

2885 वोटर पूरी कर चुके हैं सेंचुरी

प्रदेश में सेवा मतदाताओं की संख्या 19 हजार 905 है। राज्य का इलेक्टर पापुलेशन रेटियो 66.70 प्रतिशत एवं जेंडर रेटियो- 1015 है। चिन्हांकित दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1 लाख 91 हजार 638 है। राज्य में 100 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं की संख्या 2,855 है। प्रदेश में तृतीय लिंग के कुल 732 मतदाता पंजीकृत हैं। प्रदेश में कुल 17 प्रवासी भारतीय मतदाता पंजीकृत है। कुल मतदाताओं में 18-19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 5 लाख 77 हजार 184 है। इसी प्रकार प्रदेश में 20-29 आयु वर्ग के युवा मतदाताओं की संख्या 47 लाख 11 हजार 890 है। 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 82 हजार 476 है। राज्य में निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक आठ फरवरी 2024 को किया जाकर इसे 2 प्रतियों में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को जिले स्तर पर प्रदान किया जा चूका है। राज्य में अंतिम प्रकाशन दिनांक 8 फरवरी 2024 के बाद भी सतत अद्यतनिकरण में मतदाताओं का नाम जोड़े जाने की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

चलो किसी ने तो इनकी भूमिका को सराहा

श्रीकंचनपथ

मदद करने वाले हाथ सभी को अच्छे लगते हैं। जब संकट बड़ा हो तो यही मदद करने वाले हाथ ईश्वर प्रेरित प्रतीत होते हैं। स्थिति तब और भी विकट हो जाती है जब संकट हमें आंशिक या पूर्ण रूप पंगु बना दे या लाचार कर दे। सड़क हादसे भी ऐसी ही स्थितियों को जन्म देते हैं। गुस्सा तो बहुत आता है ऐसे लोगों पर जो मदद करने की बजाय अपना मोबाइल फोन निकालकर वीडियो बनाने लगते हैं। कोई इंस्टाग्राम पर लाइव हो जाता है तो कोई फेसबुक पर। वाट्सअप ग्रुप पर हादसों का वीडियो वायरल करने वालों की भी कोई कमी नहीं है। रेप के वीडियो, मर्डर के वीडियो, सड़क हादसे में घायल होकर सड़क पर छटपटा रहे व्यक्ति का वीडियो-फोटो सोशल मीडिया पर एक ढूंढो तो हजार मिलते हैं। पर सभी एक जैसे नहीं होते। इक्का-दुक्का लोग ऐसे भी होते हैं जो तत्काल घायल व्यक्ति की मदद को जुट जाते हैं। वो नेशनल एम्बुलेंस सर्विस को 102 या 108 पर फोन लगाते हैं। इसके बाद मोबाइल को जेब में रखकर स्वयं घायल को सुरक्षित करने में जुट जाते हैं। जो भी थोड़ा बहुत फर्स्ट-एड का ज्ञान उनके पास होता है, उसका उपयोग कर वे घायल की मदद करने लगते हैं। कई बार वे घायल को आसन्न मृत्यु के चंगुल से बचा ले जाने में सफल होते हैं। पर ऐसे लोग अकसर गुमनाम ही रह जाते हैं। तमाशबीन पब्लिक की ऐसे लोगों में कोई दिलचस्पी नहीं होती। वो उसका न तो नाम पूछते हैं और न ही उसकी फोटो खींचते हैं। जान बचाने वाले ऐसे लोग घायल को अस्पताल पहुंचाकर चुपचाप चले भी जाते हैं। कई बार तो घायलों के परिजनों को भी इन जीवन-रक्षकों की खबर नहीं होती। अस्पताल भी प्रक्रिया के अनुसार केवल उनका नाम और कांटेक्ट नम्बर लेकर उन्हें जाने देते हैं। इनके प्रयासों से यदि घायल समय पर अस्पताल तक पहुंच गया तो कई बार उसके प्राणों की रक्षा हो जाती है। ऐसे मामलों में मेडिकल गोल्डन-आवर का बड़ा महत्व होता है। ये वो लोग हैं जिन्हें धरती पर भगवान की संज्ञा दी जा सकती है। इनकी भूमिका उन चिकित्सकों से कम नहीं होती जो घायल की जान बचाने का प्रयास करते हैं। लोगों को जीवन देने वाले इन नि:स्वार्थ लोगों से लोग अनजान ही रह जाते हैं। पर अब पुलिस ने ऐसे लोगों को सम्मानित करने का बीड़ा उठाया है। रायपुर पुलिस के एसएसपी संतोष सिंह को इसके लिए दिल से साधुवाद जाता है जिन्होंने ऐसे महामानवों को सार्वजनिक पहचान देने का बीड़ा उठाया है। पिछले शुक्रवार को उन्होंने छह गुड-सेमेरिटन्स को सम्मानित किया। इनकी तस्वीरें अब सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित की जाएंगी। शायद इससे औरों को भी प्रेरणा मिले और लोग अपने मोबाइल फोन का इस्तेमाल फोटो खींचने और वीडियो बनाने की बजाय आपातकालीन सेवाओं को सूचित करने के लिए करने लगें। पुलिस की यह छोटी सी कोशिश शायद रंग लाए।

संपादकीय

एजेंसियों के छापों से बॉन्ड वसूली

अभी जब तक यह पता नहीं चलता है कि किस कंपनी ने किस पार्टी को कितना चंदा दिया है तब तक इसे संयोग ही मानें कि चुनावी बॉन्ड खरीदने वाली पांच सबसे बड़ी कंपनियों में से तीन के यहां प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग ने छापा मारा था। इस बात को थोड़ा और विस्तार दें तो एक आंकड़ा यह है कि 12 अप्रैल 2019 से लेकर 24 जनवरी 2024 तक यानी करीब पांच साल में जिन कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड खरीदा है उनमें से 30 सबसे बड़ी कंपनियां ऐसी हैं, जिनमें से 14 के यहां किसी न किसी केंद्रीय एजेंसियों का छापा पड़ा है या कार्रवाई शुरू हुई है।

यह भी संयोग है कि कुछ कंपनियों को बड़े सरकारी ठेके मिले उससे ठीक पहले या ठीक बाद उन्होंने चुनावी बॉन्ड खरीदे। सो, जब तक सारे आंकड़े नहीं आते हैं और जब तक बॉन्ड के यूनिक कोड से मिलान नहीं हो जाता है कि किसका खरीदा बॉन्ड किसको मिला तब तक इसे संयोग मानें। लेकिन उन आंकड़ों के बगैर यह तो हकीकत है कि सबसे 50 फीसदी से ज्यादा चंदा भाजपा को मिला है तो केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के दायरे में आईं कंपनियों का भी ज्यादा चंदा उसी के खाते में गया होगा।

> “ इस तरह के कई पैटर्न आंकड़ों का विश्लेषण करने पर मिल रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक बताया गया है कि नवंबर 2022 में एक ही दिन अनेक बड़ी दवा कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड खरीदे थे। उनके बॉन्ड किसको गए और एक ही दिन खरीद का क्या राज था, यह भी कुछ समय के बाद ही पता चलेगा।

बहरहाल, सबसे ज्यादा चुनावी बॉन्ड लॉटरी किंग के नाम से मशहूर सैंटियागो मार्टिक की कंपनी फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज ने खरीदी हैं। कंपनी ने 27 अक्टूबर 2020 से पांच अक्टूबर 2023 तक यानी तीन साल में 1,368 करोड़ रुपए का चुनावी बॉन्ड खरीदा है। इस बीच 2022 में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की थी और धन शोधन के मामले में उसकी 409 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की थी।

इसी तरह सबसे ज्यादा बॉन्ड खरीदने वाली दूसरी कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड है, इसने 966 करोड़ रुपए का चुनावी बॉन्ड खरीदा है। इस कंपनी के ऊपर अक्टूबर 2019 में आयकर विभाग ने छापा मारा था। इसके बारे में एक रिपोर्ट यह भी है कि कंपनी ने महाराष्ट्र में ठाणे-बोरीवली टनल रोड का 14 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा ठेका मिलने से एक महीने पहले 140 करोड़ रुपए का चुनावी बॉन्ड खरीदा था। ऐसे ही तीसरी बड़ी कंपनी है वेदांता लिमिटेड। इस ग्रुप की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड, के ऊपर अगस्त 2022 में धन शोधन के एक मामले में ईडी ने छापा मारा था। इस समूह ने कुल मिला कर चार सौ करोड़ रुपए का चुनावी बॉन्ड खरीदा है। चौथी बड़ी कंपनी हल्दिया एनर्जी लिमिटेड। इस कंपनी ने 377 करोड़ रुपए का चुनावी बॉन्ड खरीदा था। इसके खिलाफ मार्च 2020 में सीबीआई ने कार्रवाई की थी। इसी तरह हैदराबाद की कंपनी यशोदा सुपर हॉस्पिटल के ऊपर दिसंबर 2022 में आयकर का छापा पड़ा था।

हालांकि कंपनी ने इससे एक साल पहले ही अक्टूबर 2021 में 162 करोड़ रुपए का बॉन्ड खरीदा था। डीएलएफ कॉमर्शियल डेवेलपर्स लिमिटेड के यहां जनवरी 2019 में सीबीआई ने और नवंबर 2023 में ईडी ने छापा मारा था। इस कंपनी ने 130 रुपए का चुनावी बॉन्ड खरीदा है। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड ने 123 करोड़ रुपए का चुनावी बॉन्ड खरीदा है। इस कंपनी के ऊपर अप्रैल 2022 में ईडी ने कार्रवाई की थी।

चुनावी चंदा : इस रात की सुबह नहीं

शशि शेखर

इस सूची को जितने गौर से, जितनी बार देखिए, उतनी बार आपके दिमाग में नए सवाल उभरेंगे। इन प्रश्नों के उत्तर कैसे मिलेंगे? क्या अदालत अपनी निगरानी में कोई समिति बनाना चाहेगी?

देश में आम चुनावों की घोषणा से दो दिन पहले निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉन्ड का वह ब्योरा आम कर दिया, जिसे भारतीय स्टेट बैंक ने उसे सौंपा था। क्या यह विवरण कोई बड़ा सियासी बवंडर बरपा कर सकता है? क्या चुनाव परिणामों पर इसका असर पड़ सकता है?

इन सवालों का जवाब ढूंढ़ने से पहले एक बार समूचे घटनाक्रम को समझ लेना जरूरी है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार ने अपने पहले सत्ता-काल में चुनावी चंदे को 'पारदर्शी' बनाने के लिए इस बॉन्ड योजना की शुरुआत की थी। इस योजना की अधिसूचना जारी होने से पहले ही बवाल मच गया था। विपक्ष का आरोप था कि सरकार सुनियोजित तरीके से भारतीय जनता पार्टी की मदद करना चाहती है। चुनाव संबंधी मामलों में पिछले कई बरसों से रुचि रखने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' ने तमाम सवाल उठाते हुए आला अदालत का दरवाजा खटखटा दिया था। सुप्रीम कोर्ट को किसी फैसले तक पहुंचने में सात साल लग गए, तब तक बॉन्ड योजना को लागू हुए छह बरस बीत चुके थे। यह बात अलग है कि इसी बीच 15 फरवरी को आला अदालत ने इस योजना को असांविधानिक बताते हुए खारिज कर दिया था, लेकिन तब तक गंगा और यमुना में बहुत पानी बह चुका था।

पिछली 14 मार्च को जो आंकड़े आए हैं, उनके पीछे की समूची कहानी अभी उजागर नहीं हुई है। इसकी बड़ी वजह यह है कि स्टेट बैंक ने चुनाव आयोग को दिए गए विवरण को दो भागों में विभक्त कर दिया। पहले में बॉन्ड खरीदने वाले का नाम है, दूसरे में लाभान्वित होने वाली पार्टी का। इन दोनों आंकड़ों के बीच के सूत्र नदारद हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर पूछा है कि आपने खरीदे और वितरित किए गए बॉन्ड के क्रमांक क्यों नहीं जारी किए? यहां यह भी गौरतलब है कि अदालत ने यह जवाब-तलब चुनाव आयोग की पहल पर किया है। आयोग ने इस फैसले से जुड़े मुद्दों पर स्पष्टीकरण मांगने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया क्या दलील देता है और उस पर न्यायालय का क्या रुख होता है?

> **क्या आने वाले दिनों में कुछ नए रहस्य उजागर होने वाले हैं?**

इस सूची में पहला नंबर फ्यूचर गेमिंग ऐंड होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का है। इसने 1,368 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे। इसी तरह, मेघा इंजीनियरिंग ऐंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने 966 करोड़ और क्विक सप्लाई चेन प्राइवेट लिमिटेड ने 410 करोड़ रुपये इन बॉन्ड्स में लगाए थे। ये तीनों कंपनियां आयोग द्वारा जारी विवरणी में क्रमशः पहले से तीसरे नंबर पर हैं। ये कंपनियां अब तक आम आदमी के विमर्श में शायद ही कभी आई हों। सर्वाधिक निवेश करने वाली फ्यूचर गेमिंग ऐंड होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड लॉटरी चलाती है और इसका मुख्यालय तमिलनाडु के कोयंबटूर में है। इस कंपनी के संस्थापक सैंटियागो मार्टिन हैं, जो लॉटरी किंग और मार्टिन लॉटरी के नामों से जाने जाते हैं।

मार्टिन की कहानी हैरतअंगेज है। वह शुरुआती दिनों में म्यांमार में छोटा-मोटा काम किया करते थे। बाद में स्वदेश लौटकर 1988 में लॉटरी के व्यवसाय की शुरुआत की और उसके बाद तरक्की की सीढ़ियां उनके लिए छोटी पड़ गईं। श्री मार्टिन कई बार विवादों के घेरे में आए हैं। क्या वह लोकतंत्र के इतने समर्थक हैं कि उन्होंने आम आदमी की जेब से लॉटरी के लिए निकले धन से 1,300 करोड़ रुपये से अधिक के बॉन्ड खरीदकर राजनीतिक पार्टियों को दे दिए?

कहा जा रहा है कि सबसे बड़े पांच बॉन्ड खरीदारों में से तीन ने ईडी अथवा आयकर की कार्रवाई के बाद बॉन्ड खरीदे। यहां यह भी गौरतलब है कि शुरुआती 20 दानदाताओं ने 5,830 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे, जो कि कुल बिक्री का 48 फीसदी है। ये बॉन्ड किन दलों को दिए गए? इस विवरण से एक और तथ्य उजागर होता है कि कुछ उद्योगपतियों ने अपने नाम से भी बॉन्ड खरीदे। इनमें से एक नाम किन्हीं मोनिका का भी है। कौन हैं यह? क्या बॉन्ड की खरीद और वितरण में नामवरों ने दूसरी कंपनियों और शख्सियतों का सहारा लिया?

अब तक हासिल आंकड़ों के अनुसार, कुल दान का 47.5 प्रतिशत भाजपा, 12.6 फीसदी तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस को 11.1 प्रतिशत हिस्सा हासिल हुआ है। तेलंगाना की के चंद्रशेखर राव की अगुवाई वाली भारत राष्ट्र समिति 1,215 करोड़ रुपये हासिल कर चौथा और बीजू जनता दल 776 करोड़ रुपये स्वीकार करके अपने लिए पांचवां स्थान सुरक्षित करने में सफल रहा।

अगर आप किसी से भी पूछें कि भारतीय जनता पार्टी के बाद दूसरे नंबर का राजनीतिक दल कौन सा है, तो अधिकतर लोग यही जवाब देंगे- कांग्रेस। आश्चर्य देखिए कि कांग्रेस तीसरे नंबर पर है, जबकि सिर्फ पश्चिम बंगाल में हुकूमत कर रही ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस दूसरे नंबर पर है। सवाल यह भी उठता है कि तेलंगाना और ओडिशा जैसे अपेक्षाकृत छोटे राज्यों में शासन कर रहे दलों को चौथा और पांचवां स्थान कैसे हासिल हुआ? अभी तक आई जानकारी के आधार पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि सर्वाधिक निवेश उन व्यावसायिक घरानों ने किया, जिन्हें सरकारी मदद की सबसे ज्यादा दरकार थी। क्या यह निजी हित साधने के लिए खर्चा गया धन है? तय है कि इस सूची को जितने गौर से, जितनी बार देखिए, उतनी बार आपके दिमाग में नए सवाल उभरेंगे। इन प्रश्नों के उत्तर कैसे मिलेंगे? क्या अदालत अपनी निगरानी में कोई समिति बनाना चाहेगी? संसार के सबसे बड़े लोकतंत्र में हर संवेदनशील मुद्दे के लिए अदालतों का मुंह जोहना भी तो स्वस्थ परंपरा नहीं।

अंत में, शुरुआत में उठाए गए सवाल का जवाब। यह देखना दिलचस्प होगा कि विपक्ष इसे चुनावी मुद्दा बना पाएगा या नहीं, क्योंकि चंदे की बंदरबांट में सब शामिल थे और ऐसे में सिर्फ अपनी कमीज उजली बताने का साहस संजोना मुश्किलें खड़ी कर सकता है। अफ्सोस! सियासत के हम्माम में सभी एक से हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

स्वर्गिक हेती, नरक में धंसता

श्रुति व्यास

हेती में वह सब कुछ है जिसके लिए दुनिया का कैरीबियन क्षेत्र जाना जाता है। खुशनुमा ट्रॉपिकल मौसम, हरियाली, झरने, साफ़ नीला पानी और वह सब जो आपको प्रसन्नता और शांति दे सकता है। मगर परियों की कहानियां हमें बताती हैं कि जादू की दुनिया पर हमेशा किसी दुष्ट राक्षस की बुरी नज़र लगी रहती है। हेती पर भी है। यह देश लगातार राजनैतिक अस्थिरता और प्राकृतिक आपदाओं का शिकार बनता रहा है। फ्रांस के इस पूर्व उपनिवेश के निवासी सुख-चैन से जीना जान ही नहीं पाए हैं।

डूवालिए की तानाशाही के अवसान के बाद के पिछले 38 सालों में हेती के लोगों ने 19 शासक देख लिए हैं। देश में कानून-व्यवस्था का नामोनिशान नहीं है और लोगों की जिन्दगी और रोजी-रोटी हमेशा खतरे में रहती है। बलात्कार, हत्याएं और चोरियां आम हैं। करीब 1.15 करोड़ की आबादी वाले इस देश का सालाना बजट 2.2 अरब अमरीकी डॉलर है। जुलाई 2021 में तत्कालीन राष्ट्रपति जोवेनल मोईस की उनके आधिकारिक निवास में हत्या कर दी गई थी। तब से देश में राजनैतिक अराजकता का माहौल और गहरा गया है। देश की आधी आबादी करीब 55 लाख को मानवीय सहायता की जरुरत है। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार, हेती में करीब 10 लाख बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। इनमें से जो बच्चे आपराधिक गिरोहों के बोलबाले वाले इलाकों में रहते हैं, वे इन गिरोहों में शामिल हो रहे हैं। कोढ़ में खाज यह कि 2022 में हेती में हैजा एक महामारी के रूप में फैला जिससे देश की कमर टूट गयी। और अब हेती एक नयी मुसीबत में है। वह गृहयुद्ध की कगार पर है।

गत 7 मार्च से अपराधियों के गिरोह देश की राजधानी पोर्ट ओ प्रिंस की सड़कों पर उत्पात कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि राजधानी का करीब 80 प्रतिशत हिस्सा उनके कब्जे में है। प्रधानमंत्री एरियल हेनरी देश में नहीं हैं। वे केन्या में हैं, जहां वे उस देश द्वारा 1,000 पुलिसकर्मी हेती भेजे जाने के लिए समझौते पर दस्तखत करने गए थे। हेनरी ने केन्या से यह सहायता 2022 में मांगी थी और 2023 में संयुक्त राष्ट्रसंघ ने उनकी मांग का अनुमोदन किया।

> “ हेती के लोग लम्बे समय से नरक में धंसते जा रहे हैं और वापसी की राह और कठिन होती जा रही हैं। मुझे लगता है कि स्वर्गिक स्थानों की यही नियति होती है। वहां स्वर्ग भी नर्क बन जाता है।

हेनरी की अनुपस्थिति गैंगों के लिए राजधानी पर कब्जा करने का सुनहरा मौका बन गयी है। वे सरकारी इमारतों पर हमले कर रहे हैं। उन्होंने देश के सभी 4,000 जेलों के दरवाजे खोल दिए हैं और सारे के सारे कैदी भाग निकले हैं। उन्होंने हवाई अड्डों और पुलिस थानों को घेर रखा है। कुल मिलाकर, वहां भारी अफरातफरी और अराजकता का माहौल है। एरियल हेनरी वापस अपने देश नहीं आ पा रहे हैं। हेती की पुलिस और सेना लाचार है। गैंगों के गुर्गों की संख्या उनसे कहीं ज्यादा है और कई मामलों में सैनिक और पुलिसकर्मी गोलाबारी में भी गैंगों के आगे टिक नहीं पा रहे हैं। गैंगों की एक ही मांग है प्रधामंत्री एरियल हेनरी इस्तीफा दें। जिमी चेरिजेर, जिन्हें 'बारबेक्यू' के नाम से जाना जाता है, गुंडों की इस विशाल फौज के मुखिया हैं। उन्होंने पोर्ट ओ प्रिंस में संवाददाताओं को बताया कि अगर एरियल हेनरी इस्तीफा नहीं देते तो देश में गृहयुद्ध और कत्लेआम होगा। लाचार एरियल हेनरी ने इस्तीफा दे दिया है। ये गैंगें अचानक क्यों मैदान में कूद पडीं और पहले से बर्बाद देश को और बर्बाद करने में क्यों जुट गईं? बात यह है कि उन्हें लग रहा था कि वे खतरे में है। इन गैंगों के मुखिया माफिया हैं, डॉन हैं। वे जमीनों, होटलों, घरों और यहाँ तक कि परचूनी की दुकानों और पेट्रोल पम्पों के मालिक हैं। अगर किसी भी अंतर्राष्ट्रीय संस्था को हेती में कुछ भी करना है तो उन्हें इन गैंगों की कृपादृष्टि चाहिए ही होती है। अब तक संयुक्त राष्ट्र हेती को धन उपलब्ध करवाता रहा है और देश को स्थिरता प्रदान करने की कोशिश करता रहा है। हालांकि इस मदद को अनजाने में देश में हैजा फैलाने और यौन हमलों में बढ़ोत्तरी के लिए भी जिम्मेदार बताया जाता है।

मगर अब जो नया समझौता हो रहा है उसके अंतर्गत मदद बजरिये केन्या पहुंचेगी। यही कारण है कि हेनरी केन्या में थे और यही कारण है कि गैंगों ने सड़कों पर उतर आईं हैं। संयुक्त राष्ट्र के विपरीत, केन्या की मदद गैंगों की नेताओं की आमदनी को खतरे में डाल सकती है। वैसे हेनरी के खिलाफ भी देश का नेतृत्व सम्हालने के समय से ही असंतोष था। अमेरिका के शह पर वे संविधान में ऐसे परिवर्तन कर रहे थे जिनसे वे राष्ट्रपति की नियुक्ति के बिना, प्रधानमंत्री बतौर देश पर बिना रोकटोक के राज कर सकते थे। वे देश में बदलाव के लिए नागरिक समाज द्वारा तैयार किये गए रोडमैप का समर्थन करने के लिए तैयार नहीं थे। पिछले हफ्ते उन्होंने चुनाव की तारीखों की घोषणा की मगर 2026 तक अपना प्रधानमंत्री बना रहना सुनिश्चित कर लिया। और इसके लिए उन्होंने कैरीकॉम नामक क्षेत्रीय राजनैतिक यूनियन की सहमती प्राप्त की, हेती के लोगों के नहीं। पिछले एक साल से हेती में एक भी निर्वाचित पदाधिकारी नहीं है। गैंगों के मुखियाओं ने पहली जीत हासिल कर ली है। मगर हेनरी के इस्तीफे से देश में सामाजिक और राजनैतिक अनिश्चितता और बढ़ेगी ही। पिछले कुछ सालों में गैंगों ने बेहतर हथियार हासिल कर लिए हैं और वे पहले से बेहतर संगठित हैं। अब कीनियाई वहां आ रहे हैं जो न तो हेती की भाषा बोलते हैं और ना ही वहां के लोगों को समझते हैं। इसका अर्थ होगा लोगों के लिए और मुसीबतें, और तकलीफें।

भोजपुरी लोकरंग का बंगाल से सदियों पुराना रिश्ता

चतुर्वेदी, वरिष्ठ पत्रकार

भोजपुरी लोकगीतों में बंगाली प्रेमिकाएं ऐसी जादूगरनी के रूप में आती हैं, जो प्रवासियों की मति मार लेती हैं। बंगाली महिलाओं से जुड़े ऐसे कई गीत भोजपुरी लोक में मिल जाएंगे।

सदियों से प्रवासन का दर्द झेल रही भोजपुरी माटी और उसका लोकरंग इन दिनों राजनीतिक निशाने पर है। इसकी वजह बने हैं भोजपुरी गायक पवन सिंह। भोजपुरीभाषी वोटरों की बहुसंख्या वाली आसनसोल लोकसभा सीट (पश्चिम बंगाल) पर भाजपा ने पवन सिंह की लोकप्रियता का राजनीतिक फायदा उठाने की सोची। उन्हें टिकट भी दे दिया, लेकिन कायदे से पवन सिंह अभी तैयार भी नहीं हो पाए थे कि तृणमूल कांग्रेस ने उन पर हमला बोल दिया। हमले का बहाना बने उनके कुछ गीत, जिनमें बंगाली महिलाओं के लिए ऐसे शब्द इस्तेमाल हुए हैं, जिन्हें मौजूदा लोकवृत्त में शालीन नहीं कहा जा सकता।

हो सकता है कि इस मुद्दे को बंगाल बनाम बिहार या पूर्वी उत्तर प्रदेश से होते हुए बांग्ला बनाम हिंदी समाज के रूप में उछाला जाए। मगर ऐसा करने से पहले बंगाल और भोजपुरी इलाकों से जुड़े कुछ ऐतिहासिक तथ्यों पर जरूर गौर करना चाहिए। भोजपुरी ही नहीं, अवध के इलाके में भी प्रवासन के दर्द को समेटे एक गीत के बोल आज भी सोहनी-कोड़नी (घास सफाई का काम) के दौरान सरेह-खेत में सुनाई दे जाते हैं- रेलिया न बैरी, जहजिया न बैरी, पइसवा बैरी भइले न... रेलिया बैरन पिया के लिये जाय रे... रेलिया बैरन... (न रेल दुश्मन है, न जहाज, पैसा दुश्मन हो गया है, जिसके लिए पिया को दुश्मन रेल लिए जा रही है)। भोजपुरी और कमोबेश अवधी इलाके सदियों से गरीबी की मार झेलते रहे हैं। मुख्यतः खेती-किसानी पर निर्भर इस इलाके के लोगों के लिए रोजगार का जरिया पिछली सदी के आखिरी दशक के पहले तक पूरब, यानी बंगाल ही रहा है। जाहिर है, रोटी के लिए सदियों से जारी इस प्रवासन का दर्द विशेषकर भोजपुरी गीतों में है। चूंकि, पहले आज की तुलना में संचार और आवागमन के तेज व सहज साधन नहीं थे, इसलिए नौकरी करने गया व्यक्ति बरसों तक नहीं लौटता था। प्रवासन में कई बार उसका स्थानीय महिलाओं से नैन-मटक्का हो जाता था। इसकी गूंज जब प्रवासी के गांव पहुंचती थी, तो प्रवासी की पत्नी का दिल स्वाभाविक टूट जाता था। तब प्रवासी की पत्नी आज की महिला की तरह पढ़ी-लिखी नहीं होती थी, तो वह अपने पति के दूर जाने के लिए आर्थिक मजबूरी और जिंदगी के संघर्ष के बजाय बंगालन प्रेमिकाओं को ही जिम्मेदार मानने लगती थी।

भोजपुरी लोकगीतों में बंगाली महिलाएं ज्यादातर ऐसी जादूगरनी के रूप में आती हैं, जो प्रवासियों की मति मार लेती हैं। भोजपुरी के शेक्सपियर कहे गए भिखारी ठाकुर भी अपनी अमर रचना विदेशिया में नायिका से कहलवाते हैं, पिया मोर मति जा पुरूबवा हो राम/ पुरूब देस में टोना बेसी बा, पानी बा कमजोर, यानी प्रिय पूरब यानी बंगाल मत जाओ, वहां जादू ज्यादा है और वहां का पानी भी खराब है। भोजपुरी लोक में बंगाली महिलाओं को लक्षित ऐसे कई गीत मिल जाएंगे।

यह मानने में कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि शक्ति पूजक बांग्ला समाज में भोजपुरी इलाकों की तुलना में महिलाओं का सम्मान ज्यादा है। वहां विभिन्न कलाओं, मसलन गायन, नृत्य आदि को लेकर महिलाओं पर कोई बंदिश नहीं है, जबकि भोजपुरी समाज इन बंदिशों से युक्त रहा है। मगर भोजपुरिया समाज शादी-विवाह और मुंडन-जनेऊ में भरपूर मनोरंजन का आदी है। कभी लौंडा नाच इस इलाके की प्रसिद्ध और प्रचलित लोक कला रही, लेकिन अब इसका रंग फीका पड़ गया है, और महिला नर्तकियों का चलन बढ़ गया है। इन नर्तकियों में स्थानीय नहीं, बल्कि बंगाली महिलाएं और लड़कियां ही ज्यादा होती हैं।

बिहार के छपरा, सीवान, गोपालगंज, आरा और बक्सर हों या उत्तर प्रदेश के गाजीपुर, बलिया और आजमगढ़, इन जिलों में ऐसी कई बस्तियां बस गई हैं, जिनमें बंगाल की महिलाएं अपने परिवार समेत रह रही हैं। उनका प्रमुख पेशा गाया-नृत्य-कर्म ही है। यानी, बंगाल से भी प्रवासन भोजपुरी इलाकों में बढ़ा है, जिसका उद्देश्य रोटी कमाना ही है। इसके लिए भी निश्चय ही बंगाल की राजनीति या राजनीतिक वर्ग जिम्मेदार है, जो अपने प्रदेश के नागरिकों को सम्मानित रोजगार हासिल करने का माहौल और मौका उपलब्ध नहीं करा पाया। अभी भोजपुरी गायकों और गीतकारों पर सवाल उठाने के साथ ही बंगाल की राजनीति की इस नाकामी की भी चर्चा होनी जरूरी है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

काश! हर कबीले को एक खालिदा मिल जाती

खालिदा ब्रोही, उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता

इस दुनिया को हम कितना कम जानते हैं, इस बात का एहसास हमें हर उस पल होता है, जब किसी हौसलामंद के हैरतअंगेज कारनामे हम पर खुलते हैं। आज से अड़तीस साल पहले खालिदा जिस ब्रोही जनजाति में पैदा हुईं, उसमें लड़कियों की शादी कई बार उनके जन्म से भी पहले तय हो जाती थी। इसके पीछे 'वट्टा-सट्टा' विवाह-प्रथा मुख्य वजह थी। आज भी पाकिस्तान में यह रिवाज जारी है। दरअसल, औरतों को मर्दों की मिल्कियत समझने वाली इस परंपरा में दो परिवार किसी कत्ल के मुआवजे के तौर पर या जायदाद संबंधी विवाद सुलझाने के लिए भी लड़कियों की शादी एक-दूसरे परिवार में करते रहे हैं। ऐसे में, बच्चियों की तालीम और इंसानी हक-हुकूक के बारे में सोचता भी कौन? मगर पिता सिकंदर ब्रोही की हिमाकत के कारण खालिदा तीन बार इस परंपरा की भेंट चढ़ने से बचीं।

पहली बार तो तब, जब वह पैदा भी नहीं हुई थीं। अपनी बीवी के कातिल उनके ताऊ ने जब दूसरी शादी करने का फैसला किया, तो वट्टे-सट्टे के तहत लड़की पक्ष ने भी उनसे एक लड़की देने का मुतालबा किया। उस वक्त परिवार में कोई लड़की नहीं थी, लिहाजा ताऊ ने अपने छोटे भाई और खालिदा के पिता से यह वचन मांगा कि उनकी जो भी पहली बेटी होगी, वह उसे इस वट्टे-सट्टे के लिए देंगे। मगर खालिदा के पिता ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि 'उसे अपनी गोद में उठाए बिना वह ऐसी कोई जमानत नहीं दे सकते।'

खालिदा के माता-पिता का भी वट्टे-सट्टे के तहत जबरिया निकाह हुआ था, तब सिकंदर ब्रोही 13 साल के थे और 'खाली' की मां महज नौ वर्ष की। वे दोनों इस कुरीति के विरोधी थे। इसलिए नहीं चाहते थे कि उनके बच्चों के साथ भी वैसा ही सुलूक हो। शादी के अगले चार वर्षों में ही इस किशोर दंपति को दो बच्चे हो गए। खालिदा के जन्म के दो साल बाद वट्टे-सट्टे के बढ़ते दबाव के कारण पति-पत्नी ने गांव छोड़कर शहर निकलने का फैसला किया, ताकि वहां वे बच्चों को पढ़ा-लिखा सकें। मगर सिकंदर ब्रोही ने गांव और कबीले की संस्कृति से बच्चों को आगाह रखा। शहर-दर-शहर नए-नए काम तलाशते और तजुर्बे बटोरते हुए ब्रोही परिवार अंततः कराची की स्लम बस्ती पहुंचा, जहां रहते हुए सही तरीके से खालिदा ने तालीम पाई।

खालिदा को इस बात की खुशी थी कि वह पहली लड़की हैं, जिन्हें यह आजादी मिली, मगर साथ ही अफ्सोस भी था कि जिस वक्त वह हाईस्कूल जा रही हैं, खानदान की उनकी कई बहनों और बचपन की सहेलियों का जबरन निकाह कर दिया गया, कुछ वट्टे-सट्टे में किसी बुजुर्ग की बीवी बना दी गईं, तो कुछ ने कच्ची उम्र में मां बनते समय दम तोड़ दिया। हर मौत पर खालिदा का दुखी होना स्वाभाविक था, पर जब कभी 'ऑनर किलिंग' की सूचना मिलती, तो वह कांप उठती थीं, क्योंकि हत्यारे पिता, भाई या चाचा-मामा ही होते थे!

साल 2002 की बात है, खालिदा तब सोलह साल की थीं। एक रात उन्हें पता चला कि उनकी हमउम्र चचेरी बहन 'ऑनर किलिंग' का शिकार बन गई है। उसने बिरादरी से बाहर के नौजवान से मोहब्बत कर ली थी। खालिदा ने सहेली जैसी अपनी इस बहन की मौत पर तय किया कि वह इस 'आपराधिक' रिवाज को रोकने के लिए जो कुछ बन पड़ेगा, वह सब करेंगी। उन दिनों खालिदा का परिवार कराची के एक छोटे से कमरे में रहता था। तरक्कीपसंद पिता ने अपने बच्चों के भविष्य को संवारने के इरादे से उस तंग कमरे में भी कंप्यूटर के लिए जगह निकाल ली थी।

खालिदा को कराची छोड़ना पड़ा। उन्होंने अपनी तमाम गतिविधियां बंद कर दीं। करीब दो साल बाद जब वह कराची लौटीं, तब काफी हताश थीं। उन्होंने गौर किया कि आखिर उनका अभियान नाकाम क्यों हुआ? उन्होंने पाया कि उनकी मुहिम स्थानीय मूल्यों के खिलाफ दिख रही थी, और फिर जिनके लिए वह लड़ रही थीं, उसके स्थानीय हीरो भी इसमें शामिल नहीं थे। खालिदा और उनकी टीम ने रणनीति बदली। वह इन समुदायों के पास लौटीं, उनसे माफी मांगी और कहा कि हम अपनी संस्कृति को दुनिया तक ले जाना चाहते हैं- भाषा, संगीत और कशीदाकारी। कोई भी समुदाय भरोसा करने को तैयार न था। काफी प्रयास के बाद वे राजी हुए। साल 2008 से सुघड़ फाउंडेशन के जरिये कबाइली कशीदाकारी को बढ़ावा देकर खालिदा हाशिये की हजारों औरतों की जिंदगी बदल चुकी हैं। ऑनर किलिंग का अपराध एकदम थम तो नहीं गया, मगर जनजातीय समाजों और इलाकों में बदलाव की बयार बह चली है।

विवादित नेताओं की फिर कटी टिकट

भाजपा में विवादित नेताओं की टिकट कटने का सिलसिला जारी है। पार्टी ने पहली सूची में कई विवादित नेताओं को बेटिकट किया है। अक्सर अपने बयानों से विवादों में रही भोपाल की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर को इस बार पार्टी ने टिकट नहीं दिया है तो संसद के अंदर बसपा सांसद दानिश अली पर विवादित बयान देने वाले रमेश विधूड़ी को भी टिकट नहीं मिली।

यह सिलसिला दूसरी सूची में भी जारी रही। भाजपा ने 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची में कर्नाटक के दो ऐसे सांसदों की टिकट काटी है, जो पिछले कुछ दिनों से किसी न किसी कारण से विवादों में घिरे रहे थे और उनकी वजह से पार्टी को बैकफुट पर आना पड़ा। भाजपा ने इस बार कर्नाटक से अपने सांसद प्रताप सिम्हा की टिकट काट दी। पिछले दिनों वे इस बात को लेकर विवाद में आए थे कि उनकी सिफारिश पर कुछ लोगों का सांसद का पास बना था, जिन्होंने संसद भवन के अंदर विरोध प्रदर्शन किया। दो लोगों ने तो संसद की दर्शक दीर्घा से सदन के अंदर छलांग लगा दी थी और धुआं छोड़ा था। बाद में इनको गिरफ्तार किया गया।

गौरतलब है कि इस सिलसिले में प्रताप सिम्हा पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीत कर संविधान बदलने का बयान देने वाले भाजपा सांसद अनंद हेगड़े की टिकट भी कट गई है। उनके इस बयान पर भाजपा ने बहुत नाराजगी जताई थी और कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM

खास खबर

चुनाव प्रचार एवं आमसभा, रैली, जुलूस में लाउडस्पीकर एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए लेनी होगी अनुमति

गरियाबंद। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तथा नगरीय क्षेत्रों में रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर, तेज हार्न का उपयोग प्रतिबंधित होगा। सक्षम अधिकारी से अनुमति पास होने की दशा में ध्वनि विस्तारक यंत्र अधिकतम 55 डेसीबल ही रखी जा सकेगी। अस्पताल, शैक्षणिक क्षेत्र, धार्मिक क्षेत्र के 100 मीटर के दायरे में एवं साइलेंस जोन (मौन क्षेत्र) के 100 मीटर के दायरें में लाउडस्पीकर का प्रयोग प्रतिबंधित होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग चुनाव प्रचार करने के लिए वाहनों पर एवं चुनावी सभाओं, प्रचार एवं जुलूस में सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक सक्षम अधिकारी की अनुमति उपरांत ही किया जा सकेगा। आमसभा, प्रचार, जुलूस के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग कर सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति मिलने पर भी अधिकतम प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जायेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुमति प्रदान करने के लिए जिले के पांचों एसडीएम को अपने अपने अनुविभाग क्षेत्र का सक्षम अधिकारी नियुक्त किया गया है। गरियाबंद अनुविभाग क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त क्षेत्र की अनुमति अनुविभागीय दंडाधिकारी गरियाबंद देंगे। इसी प्रकार छुरा अनुविभाग की अनुमति छुरा एसडीएम, राजिम अनुविभाग की अनुमति राजिम एसडीएम, मैनपुर अनुविभाग की अनुमति मैनपुर एसडीएम एवं देवभोग अनुविभाग की अनुमति देवभोग एसडीएम प्रदान करेंगे।

लोकसभा निर्वाचन 2024 : जिले में धारा 144 लागू

रायपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं भयमुक्त वातावरण में मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग करने के दृष्टिगत जिले में धारा 144 लागू कर दी है तथा अस्त्र-शस्त्र धारण करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के कार्यक्रम की घोषणा किए जाने के साथ ही निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान चुनाव प्रक्रिया में असामाजिक तत्वों द्वारा भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित कर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव में बाधा खड़ी न की जा सके तथा मतदाताओं में किसी भी प्रकार का भय पैदा न हो एवं मतदाता भयमुक्त वातावरण में निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके, इसके मद्देनजर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने एक आदेश जारी कर 16 मार्च 2024 से जिले में धारा 144 लागू कर दी है तथा आदेश दिया है कि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का शस्त्र, तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू, छुरी, कुल्हाड़ी, गुफ्ती, त्रिशूल, खुकरा, सांग एव बल्लम अथवा अन्य अस्त्र शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थान पर नहीं निकलेगा। जो व्यक्ति शासकीय कर्तव्य पर है वे ड्यूटी के दौरान अस्त्र-शस्त्र धारण कर सकेंगे। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जो शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था व विकलांगता के कारण सहारे के रूप में लाठी लेकर चलते हैं तथा धार्मिक आस्थाओं के आधार पर धारित अस्त्र-शस्त्र पर भी यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

छिंदई नदी में नवनिर्मित पुल से क्षेत्र में खुलेंगे विकास के नए द्वार-अरुण साव

उप मुख्यमंत्री ने 17.13 करोड़ रुपए की लागत से बने पुल का किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। उप मुख्यमंत्री एवं कोरबा जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने करतला विकासखंड के ग्राम मदवानी-कछार-तराईमार-कुदमुरा मार्ग में छिंदई नदी में 17 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से बने उच्च स्तरीय पुल का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री साव ने नवनिर्मित पुल के लोकार्पण पर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस पुल के बन जाने से विकास के नए द्वार खुल गए हैं।

वर्षों से इस नदी में पुल की मांग थी जो अब पूरी हो गई है। इससे आसपास के अनेक गाँव जुड़ गए हैं। एक-दूसरे से सम्पर्क भी बढ़ेगा। यह पुल आवागमन का पुल होने के साथ ही विकास का भी पुल है। श्री साव ने क्षेत्रवासियों की मांग पर मदवानी-कुदमुरा मार्ग के चौड़ीकरण, रामपुर-बेहरचुआ-नोनदरहा मार्ग में पक्की सड़क के निर्माण और मदवानी पंचायत में आवश्यकतानुसार हैण्डपंप लगाने का कार्य जल्द शुरू कराने की बात कही। पूर्व सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय भी लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुईं।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने छिंदई नदी में पुल के लोकार्पण समारोह में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश को लगातार विकास की राह पर ले जा रहे हैं। वे गरीबी में पले-बढ़े हैं, इसलिए गरीबों के हित में योजनाएं बनाकर उनका कल्याण कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश को सशक्त बनाया है। उनकी अगुवाई में भारत हर क्षेत्र में शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ हुआ है। श्री साव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में प्रधानमंत्री मोदी की शत-प्रतिशत गारंटी पूरी हो रही है। प्रदेश में नई सरकार के गठन के साथ ही विकास कार्य प्रारंभ हो गए हैं। मुख्यमंत्री द्वारा पहली कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आर्थिक रुप से कमजोर परिवारों के लिए 18 लाख पक्के मकान के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन पर 25 दिसम्बर को किसानों को धान के दो साल का बकाया बोनस का भुगतान किया गया। इससे 12 लाख से अधिक किसानों को 3716 करोड़ रुपए मिले।

साव ने कहा कि खरीफवर्ष 2023-24 में किसानों से उनकी उपज का 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। इसकी अंतर की राशि हाल ही में 12 मार्च को राज्य के 24 लाख 72 हजार किसानों के खातों में कुल 13 हजार 320 करोड़ रुपए की राशि अंतरित कर दी गई है। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख 12 हजार से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में पहली किश्त की राशि के रूप में एक-एक हजार रुपए दिए जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्राहको से 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता की खरीदी की जाएगी। साथ ही उन्हें चरण पादुका एवं अन्य योजनाओं का भी लाभ दिया जाएगा। पूर्व सांसद सरोज पांडेय ने नए पुल के निर्माण पर स्थानीय लोगों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि इस पुल के बन जाने से आसपास के अनेक गांवों में आवागमन की सुविधा बढ़ेगी जिससे क्षेत्र में विकास के नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर विकास कार्य में जुटी हुई है। आगे भी विकास के ये काम जारी रहेंगे। कोरबा के कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, जिला पंचायत के सीईओ संबित मिश्रा और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिक बड़ी संख्या में लोकार्पण कार्यक्रम में मौजूद थे।

पुलिस जवानों का खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ पुलिस राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में गरियाबंद के इन जवानों ने जिले का नाम रोशन किया,रस्साकशी कबड्डी वॉलीबॉल हैंडबॉल जैसे अन्य खेलों में रायपुर रेंज से खेलते हुए 10 गोल्ड,5 सिल्वर,5 ब्रांज सहित 20 मेडल जीते।

खेलों से शारीरिक रूप से मजबूत होते हैं और मानसिक एकाग्रता भी बढ़ती है।ऐसे आयोजनों से जवानों का उत्साह भी बढ़ता है।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पीटीएस माना कैंप,रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ पुलिस राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह में शामिल हुए।मुख्यमंत्री श्री साय ने समापन समारोह में पुलिस मार्च पास्ट की सलामी ली और विजेता टीम प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने प्रतिभागी खिलाड़ी एवं टीम का उत्साहवर्धन किया।

ज्ञात हो कि संभागीय स्तरीय रेंज 11 से 900 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें गरियाबंद जिले के खिलाड़ी भी शामिल रहे और रस्शाकशी, कबड्डी,वॉलीबॉल, हैंडबॉल में प्रथम स्थान प्राप्त किया रस्साकसी में कप्तानी करते प्रधान आर.चूड़ामणि देवता की टीम ने सरगुजा रेंज,ट्रेनिंग रेंज व फाइनल में दुर्ग रेंज को हरा कर फाइनल विजेता बने और गोल्ड मेडल रायपुर रेंज के लिए प्राप्त किए,रस्साकसी,कबड्डी,और वॉलीबॉल, हैंडबॉल में गरियाबंद जिले के खिलाड़ी में प्रधान आर.चूड़ामणि देवता,आशीष सपहा,आर.रवि सिन्हा, महेश धूरु,डूगेश्वर यादव,पुरषोत्तम, अजय, इंद्रजीत दीवान,विनोद कुर्रे,राजू साहू सामिल रहे रायपुर रेंज टीम मैनेजर डीएसपी निलेश दीवेदी व कोच अभय गणोंरकर रहे कुल रायपुर रेंज में 10 गोल्ड,5 सिल्वर,5 ब्रांज कुल 20 मेडल प्राप्त किए।इस अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू,पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सर्व एसआरपी कल्लूरी, प्रदीप गुप्ता,विवेकानंद सिन्हा,अमित कुमार,पुलिस महानिरीक्षक एस सी द्विवेदी,अजय कुमार यादव, बद्रीनारायण मीणा,अमरेश मिश्रा,आरिफ हुसैन,बी एस ध्रुव,रामगोपाल गर्ग साथ ही पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बीमुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि पुलिस का कार्य काफी चुनौतीपूर्ण होता है।इसके लिए शारीरिक स्फूर्ति और मानसिक मजबूती की बहुत जरूरत होती है। इसीलिए जब पुलिस विभाग में भर्तियां होती हैं तब शारीरिक और मानसिक दक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। अक्सर यह भी देखने में आता है कि नौकरी थोड़ी-सी पुरानी होने पर हमारे कुछ जवान अपने शारीरिक फिटनेस के प्रति लापरवाह हो जाते हैं। यह न तो उनके स्वयं के लिए अच्छी बात है और न ही पुलिस विभाग के लिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि शारीरिक फिटनेस के लिए निरंतर अभ्यास करते रहना जरूरी है।इसके लिए खेलकूद बहुत अच्छा माध्यम है।खेलकूद हमें अनुशासित और एकजुट रहना सिखाता है तो योग के अभ्यास से मानसिक एकाग्रता बढ़ती है।

लोक आस्था सेवा संस्थान ने आयोजित किया खेल उत्सव

श्रीकंचनपथ न्यूज

गरियाबंद। पीएचएफ के सहयोग से लोक आस्था सेवा संस्थान व संगवारी महिला मंच के संयुक्त तत्वधान में तिलाईदादर नयापारा कलस्टर के अंतर्गत महिलाओं और किशोरियों का खेल उत्सव कार्यकम ग्राम कछार डीही में आयोजित किया गया।जिसमे महिलाओं का कबड्डी और कुर्सी दौड़ और गुब्बारा दौड़ रखा गया। जिसमे कबड्डी में कछार डीही प्रथम रही कुर्सी दौड़ में चैतीनबाई प्रथम और गेंदीबाई दित्तीय स्थान पर रही संस्था अध्यक्ष हेमनारायण मानिकपुरी ने कहा कि इस तरह का खेल का आयोजन होते रहना चाहिए जिससे महिलाओं को आगे आने में प्रोत्साहन मिल सके और आगे बढ़ सके।इस तरह के खेल का आयोजन संस्था बहुत दिनो से करते आ रही है।

इसके बाद संस्था सचिव लता नेताम ने बताया कि कबड्डी का खेल पुरुषों का ही माना जाता था जिसे हम महिलाओं ने खेल कर साबित किया है।महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे आने की जरूरत है और अपने अधिकार और हक के लिए आगे आने की जरूरत है तभी समाज में समानता आएगी और महिलिओ को हर क्षेत्र में आगे आना है।

संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध हूं : सांसद

मेडिकल कॉलेज व ईएसआईसी अस्पताल पहुंचीं सांसद, चिकित्सकों व भर्ती मरीजों से की मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा । प्रवास पर पहुंचीं सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने स्व. बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय एवं ईएसआईसी अस्पताल का अवलोकन किया। उन्होंने यहां मौजूद व्यवस्थाओं और सुविधाओं की जानकारी लेने के साथ ही भर्ती मरीजों से भी चर्चा कर उनका हाल जाना।

इस अवसर पर सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि कोरबा की जनता खासकर ग्रामीण क्षेत्रवासियों को विशेषत: स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का मेरा प्रयास रहा जिसमें मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराई गई। मुझे इस बात की संतुष्टि है कि मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की सुविधा है। यहां 250 बच्चे मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। वे भविष्य में डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करेंगे। स्वस्थ समाज ही स्वस्थ भारत का निर्माण करेगा।

उन्होंने कहा कि सुविधाओं और विकास पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। पक्ष हो या विपक्ष, जहां जनता की बात हो, क्षेत्र के विकास की बात हो वहां सबको साथ चलना चाहिए। सांसद ने इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में न्यूरोसर्जन की सुविधा है, कैंसर स्पेशलिस्ट है, 7 डायलिसिस मशीनें है। मात्र 5 रुपए में हिप रिप्लेसमेंट का लाभ मरीज को मिला है। प्रतिदिन 600 से 700 मरीज यहां लाभान्वित हो रहे हैं। बच्चों के लिए 15 कैज्वल्टी वार्ड सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध है। संसदीय क्षेत्र के जिलों में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ कराने मैं प्रयासरत रहूंगी।

सांसद ने ईएसआईसी हास्पिटल का अवलोकन कर इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि ऊर्जा की औद्योगिक नगरी में श्रमिकों को बेहतर उपचार की सुविधाएं प्राप्त हो रही है। उन्हें दूसरे जिला अथवा राज्य की दौड़ नहीं लगानी पड़ती बल्कि अनेक बीमारियों व तकलीफें का यहां उपचार हो रहा है। अस्पताल में लगभग 1 लाख श्रमिकों व उनके परिजनों को लाभ मिल रहा है। यहां पर डेंटल, लैब, ओपीडी व आर्थो सहित एमबीबीएस के 20 चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सांसद ने कहा कि कोरबा में मेडिकल कॉलेज और ईएसआईसी अस्पताल को प्रारंभ करने की दिशा में वे लगातार केन्द्रीय मंत्री से संपर्क करती रही। कांग्रेस के तात्कालिक राज्य सरकार ने जमीन का आबंटन किया है जिसमें मेडिकल कॉलेज का भव्य अस्पताल निर्माण प्रारंभ हो चुका है। आने वाले समय में मेडिकल के क्षेत्र में कोरबा में और भी विकास कार्य कराने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं।

मंत्री लखनलाल देवांगन को मिली नई जिम्मेदारी

बनाए गए सीएसआईडीसीएल के अध्यक्ष

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। कोरबा और प्रदेश के श्रमिकों के लिए शुक्रवार का दिन दोहरी खुशी लेकर आया है। एक ओर छत्तीसगढ़ में आईडी एक्ट लागू कर दिया गया है, तो दूसरी ओर प्रदेश के श्रम एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन को एक नई जिम्मेदारी से नवाजा गया है। कैबिनेट मंत्री देवांगन छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (सीएसआईडीसीएल) का अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। इससे श्रम और श्रमिकों के बेहतर वर्तमान और उज्ज्वल भविष्य की राह प्रशस्त करने में दोहरी ऊर्जा से विकास के नए कार्य तेज होंगे।

उल्लेखनीय होगा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार में औद्योगिक विवाद अधिनियम (आईडी एक्ट) विलोपित कर दिया था।

इसके साथ ही शुरू विवादित रहे औद्योगिक संबंध अधिनियम (आईआर एक्ट) को लागू कर दिया गया, जिसे श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की पहल पर विष्णुदेव सरकार ने विलोपित कर आईडी एक्ट पुनरू लागू कर दिया गया है। इसके साथ ही शुक्रवार को सीएमओ ने एक और महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ़ के नाम और आदेशानुसार एमएल पंवार, अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा जारी आदेश में छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के उपक्रम छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर के आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन की धारा 17 में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप उक्त निगम में लखनलाल देवांगन, मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को आगामी आदेश पर्यन्त अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। प्रदेश में आईडी एक्ट लागू होने के साथ ही मनमानियों और तानाशाही के साथ वर्चस्व की लड़ाई में बिखरते संगठन इंटक की मान्यता भी समाप्त हो गई है। इससे उद्योग जगत और श्रमिकों के हक के लिए आवाज बुलंद करने वाले संगठनों में हर्ष की लहर है। बता दें कि बीते माह 24 फरवरी को सीआईटीयू से संबद्ध भारत अल्यूमिनियम इम्पलाइज यूनियन के महासचिव अमित गुप्ता ने श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन लखनलाल देवांगन को इसकी जरूरत बताते हुए एक पत्र भी लिखा था। इसमें उन्होंने छत्तीसगढ़ औद्योगिक विवाद अधिनियम (आईडी एक्ट) एल्यूमिनियम उद्योग मे लागू करने की गुजारिश की थी। उन्होंने पत्र में लिखा था कि छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा एल्युमीनियम उद्योग में औद्योगिक विवाद अधिनियम (आईडी एक्ट) को वर्ष 2021 में विलोपित करके औद्योगिक संबंध अधिनियम (आईआर एक्ट) लागू कर दिया गया। औद्योगिक संबंध अधिनियम (आईआर एक्ट) अस्तित्व में आने के समय से ही विवादित कानून रहा है। इस कानून में श्रमिक संघ के प्रतिनिधित्व के प्रावधान विवादास्पद रहा है। इस बात को दृष्टिगत करते हुए भारत अल्यूमिनियम इम्पलाइज यूनियन की ओर से श्रम मंत्री देवांगन से अनुरोध किया गया कि छतीसगढ़ राज्य में एल्युमीनियम उद्योग से औद्योगिक संबंध अधिनियम को विलोपित करके औद्योगिक विवाद अधिनियम (आईडी एक्ट) लागू किया जाए।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

खास खबर...

गिरौदपुरी मेला में सीएम साय ने गुरु गद्दी व जैतखाम की पूजा की

रायपुर (ए.)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार को बाबा गुरु घासीदास की जन्मभूमि एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में आयोजित गुरुदर्शन मेला में शामिल हुए। उन्होंने गुरु गद्दी एवं जैतखाम की पूजा- अर्चना कर नमन किया और छत्तीसगढ़ वासियों की खुशहाली और तरक्की के लिए कामना की।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कुतुबमीनार से ऊंचे जैतखाम में पहुंचकर पूजा की साथ ही ऊपर से दूरबीन की सहायता से प्रकृति के नजारे का आनंद लिया। इस अवसर पर भंडारपुरीधाम गुरु गद्दीनशीन बालदास भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, दयाल दास बघेल, पूर्व मंत्री पुन्नू लाल मोहले,विधायक गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व संसदीय सचिव सनम जागड़े, पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय, आईजी अमरेश मिश्रा, कलेक्टर के एल चौहान, एसपी सदानंद कुमार, सहित बड़ी संख्या में राजमहन्त, संत और श्रद्धालु उपस्थित थे।

रायपुर सेंट्रल जेल के 170 कैदी भी देंगे साक्षरता परीक्षा

रायपुर (ए.)। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली की पहल पर बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन 17 मार्च को किया गया है। इस परीक्षा के लिए प्रदेश में लगभग 19 हजार 752 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में प्रदेश के 2 लाख शिक्षार्थी सम्मिलित होंगे। रायपुर सेंट्रल जेल के 170 कैदी भी साक्षरता परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा का आयोजन प्रदेश के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में किया जाएगा। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 17 मार्च 2024 दिन रविवार को प्रात: 10 बजे से राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। शिक्षार्थी सुविधा अनुसार उक्त समय के भीतर परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा। शिक्षार्थी को प्रश्न पत्र हल करने के लिए 3 घंटे का समय दिया जाएगा। ऐसे शिक्षार्थी जिनका पूर्व में प्रमाणीकरण नहीं हुआ है, जो मोहल्ला साक्षरता केंद्र में पढ़ाई किए हो अथवा जो बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, शामिल होंगे। परीक्षा के संबंध में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा समुचित दिशा-निर्देश पूर्व में ही सभी जिले के अधिकारियों को प्रदान कर दिया गया है तथा संचालक द्वारा इस संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विस्तृत दिशा निर्देश प्रदान किए गए हैं।

लोकसभा चुनाव भारत के सुनहरे भविष्य का चुनाव है : किरण सिंह

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता में कहा

रायपुर (ए.)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा है कि जनता ने भाजपा को सुशासन, संवेदनशीलता, सेवा और संस्कार का प्रतिसाद देने का मन बना लिया है और सभी 11 सीटों पर रिकॉर्ड बहुमत से भाजपा को जीत मिलने जा रही है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के बचे हुए दोनों टापू भी इस बार भाजपा की सुनामी में डूबने वाले हैं।

भाजपा कार्यकर्ता इस बार कोरबा और बस्तर में भी जीत का परचम फहराने वाले हैं। श्री देव ने कहा कि प्रदेश का एक-एक भाजपा कार्यकर्ता कार्यकर्ता 'अबकी बार 400 पार' के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्राण-पण से जुटा हुआ है। छत्तीसगढ़ की जनता और हमारे 40 लाख निष्ठावान कार्यकर्ता 11 सीटों के रूप में इस चुनाव में मोदी जी को अपना शत प्रतिशत समर्थन और सहयोग देने वाले हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए तारीखों की घोषणा किए जाने के बाद एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में शनिवार को आहूत पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की चुनावी तैयारी विधानसभा चुनाव पूर्ण होने के दूसरे दिन से ही आरंभ हो गई थी। भाजपा सभी चुनावों को गंभीरता से लेती है। हमें पूर्ण विश्वास है कि छत्तीसगढ़ की समझदार जनता भाजपा को पूरी 11 सीटें देकर एक व्यापक, चमत्कारिक जनादेश देने जा रही है। मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन को राज्य की जनता ने हाथो-हाथ लिया है और पूरे राज्य में अभूतपूर्व संतोष और खुशी का माहौल है। यह समर्थन नए भारत और विकसित भारत के लिए है। हमारे प्रधानमंत्री सपनों में नहीं, संकल्प में यकीन करते हैं। श्री देव ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान संगठन कार्यकर्ताओं के परिश्रम के परिणामस्वरूप भाजपा को 46 प्रतिशत मत को साथ 54 सीटों पर जीत मिली। 2018 के विधानसभा चुनाव 2018 में भाजपा 15 सीटों पर जीती, लेकिन चार माह बाद लोकसभा चुनाव में भाजपा को 9 सीटों पर जीत मिली थी। 2023 में 54 सीटों पर भाजपा को जीत मिली है, इसलिए अबकी बार 11 सीटों को जीतने का लक्ष्य है। पिछले चुनाव के परिणाम से उत्साहित कार्यकर्ता फिर से लोकसभा चुनाव की तैयारी में दिन-रात जुटे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने मात्र 90 दिन की अल्पावधि में जनता के हित के लिए जो काम किया, जो योजनाएँ बनाई और उन्हें सफलतापूर्वक लागू किया, वह 10 वर्ष के मोदी सरकार के कार्यकाल का एक छोटा-सा मॉडल है। केवल 90 दिनों में ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने 14 दिसंबर को पहली कैबिनेट में 18 लाख प्रमं आवास को स्वीकृति दी गई। 25 दिसंबर को बकाया बोनस का भुगतान किया गया। धान खरीदी की लिमिट प्रति एकड़ 21 क्विंटल की गई। किए गए वादे के मुताबिक श्री रामलला दर्शन के लिए ट्रेन रवाना की गई। युवाओं के न्याय दिलाने पीएससी की जाँच सीबीआई को सौंपी गई। प्रदेश की 70 लाख महिलाओं के खातों में महतारी वंदन योजना के तहत 1000 रु. की राशि अंतरित की गई। प्रदेश के किसानों को 13 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि एकमुश्त उनके खाते में ट्रांसफर की गई। अस्थायी, संविदा व अन्य कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु कमेटी का गठन किया गया। मोदी गारंटी के अनुसार राज्य के कर्मचारियों को 7वें वेतनमान में 4 प्रतिशत की महंगाई भत्ता एवं पेंशनरों के महंगाई राहत में 4 प्रतिशत की वध्दि करने का निर्णय लिया गया। इस निर्णय से कर्मचारियों को कुल 816 करोड़ रुपए लाभ प्राप्त हुआ। कांग्रेस शासनकाल में पत्रकारों के साथ हुए उत्पीड़न की जांच हेतु गृह सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनाये जाने की घोषणा की। मोदी की गारंटी के अनुरुप तेंदूपत्ता प्रति मानक बोरा की दर 5500 रुपए की गई एवं इसके अतिरिक्त संग्राहकों को 4500 रुपए बोनस की भी घोषणा की गई।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक व पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का छत्तीसगढ़ प्रवास होगा। इसी क्रम में मुख्यमंत्री प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सभाएं लेकर प्रचार करेंगे। पार्टी की चुनावी तैयारियों की विस्तार से चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने बताया कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव की दृष्टिकोण से छत्तीसगढ़ को तीन कलस्टरों में विभाजित कर प्रभारी व सह प्रभारियों की नियुक्ति की। इसी प्रकार संभाग प्रभारी एवं सह प्रभारियों की नियुक्तियां की गई है। श्री शर्मा ने कहा कि आचार संहिता लगने से पहले ही पूरे 11 प्रत्याशियों की घोषणा होने का बाद लोकसभा क्षेत्रों एवं विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ हो चुका है। सभी लोकसभा प्रत्याशियों का अपने-अपने लोकसभा क्षेत्रों में सघन दौरा प्रारंभ हो चुका है। लोकसभा चुनाव प्रबंधन की दृष्टि से 37 कमेटियों का गठन किया गया है। चुनाव सुचारू रूप से संचालित करने के लिए चुनाव प्रबंधन संयोजक व सह प्रबंधकों की नियुक्ति हो चुकी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के 10 वर्ष के एवं भाजपा की प्रदेश सरकार के 3 माह के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में तीन-तीन प्रचार रथ चलेंगे।

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक श्री शर्मा ने कहा कि इसी प्रकार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और स्वच्छता अभियान के तहत भी लगातार कार्यक्रम रखे गए। स्वच्छ भारत के स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। मंदिर स्वच्छता अभियान के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राममंदिर में, 20 जनवरी को को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया पुरानी बस्ती स्थित मायामंदिर में उनके साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओपी चैधरी एवं स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्यामबिहारी जयसवाल ने भी हिस्सा लिया। अब तक प्रदेश के 405 मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया और यह अभी भी चल रहा है। दीवाल लेखन अभियान के तहत अब तक प्रदेश के 1 लाख से अधिक स्थानों पर दीवाल लेखन एवं होर्डिंग के कार्य हो चुके हैं। बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत हमने प्रदेश में विगत 3 वर्षों में बूथों की स्थिति का अध्ययन किया और कमजोर बूथों का चयन कर उस पर वोट बढ़ाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। इसी प्रकार बस्ती संपर्क अभियान भी पूरे प्रदेश में चलाया गया।

पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू जगदीश रोहरा ,प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता, नलिनेश ठोकने प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी और मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल भी उपस्थित थे।

आचार संहिता लागू होते ही हटने लगी प्रचार सामग्री

नगरीय निकायों में भी यह कार्यवाही

रायपुर (ए.)। ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देश पर आचार संहिता लगते ही संपत्ति विरूपण की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इसके तहत 24 घण्टे के भीतर शासकीय संपति से और 48 घण्टों के भीतर सार्वजनिक स्थानों से प्रचार-प्रसार की सामग्री हटाई जानी है।

नगरीय निकायों में और जनपद पंचायतों में टीम बनाकर यह कार्यवाही रायपुर ज़िले के चारों ब्लॉक धरसीवां ब्लॉक,आरंग ब्लॉक,तिल्दा ब्लॉक एवं मंदिर हसौद ब्लॉक में प्रारंभ कर दी गई है। साथ ही नगरीय निकायों में भी यह कार्यवाही की जा रही है। शासकीय प्रचार प्रसार वाले होर्डिंग को कवर किया गया है, वही वॉल पेंटिंग की पोताई की गई है।

ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निषेध

रायपुर (ए.)। लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान कोलाहल विहीन वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने आदेश जारी कर रायपुर जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्य समाप्ति तक बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को निषेध कर दिया है। उन्होने कहा है कि निर्वाचन प्रचार-प्रसार एवं आमसभा प्रचार जुलूस वाहन इत्यादि के लिए क्षेत्र के संबंधित सक्षम प्राधिकारी से लिखित अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक की अवधि में किया जा सकता है। रायपुर जिले के अंतर्गत आने वाले समस्त विधानसभा क्षेत्र हेतु अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, रायपुर को सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।

अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

रायपुर (ए.)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने आदेश जारी कर कहा है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को आदेशित किया जाता है कि वे कलेक्टर या जिला निर्वाचन अधिकारी के पूर्वानुमति के न तो अवकाश पर रहेंगे और ना ही मुख्यालय छोड़ेंगे। इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। इसके अनुसार जिला स्तर पर तथा जिले अंतर्गत समस्त शासकीय एवं राज्य शासन के विभागीय इकाईयों/उपक्रमों के अमले के अवकाशों की स्वीकृति हेतु जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवकाश स्वीकृत करने हेतु सक्षम अधिकारी होंगे।

जिले में लागू हुआ धारा 144

■ जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया आदेश

रायपुर (ए.)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं भयमुक्त वातावरण में मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग करने के दृष्टिगत जिले में धारा 144 लागू कर दी है तथा अस्त्र-शस्त्र धारण करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के कार्यक्रम की घोषणा किए जाने के साथ ही निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान चुनाव प्रक्रिया में असामाजिक तत्वों द्वारा भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित कर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव में बाधा खड़ी न की जा सके तथा मतदाताओं में किसी भी प्रकार का भय पैदा न हो एवं मतदाता भयमुक्त वातावरण में निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके, इसके मद्देनजर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने एक आदेश जारी कर 16 मार्च 2024 से जिले में धारा 144 लागू कर दी है तथा आदेश दिया है कि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का शस्त्र, तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू, छुरी, कुल्हाड़ी, गुफ्ती, त्रिशूल, खुकरा, सांग एव बल्लम अथवा अन्य अस्त्र शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थान पर नहीं निकलेगा। जो व्यक्ति शासकीय कर्तव्य पर है वे ड्यूटी के दौरान अस्त्र-शस्त्र धारण कर सकेंगे।

यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जो शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था व विकलांगता के कारण सहारे के रूप में लाठी लेकर चलते हैं तथा धार्मिक आस्थाओं के आधार पर धारित अस्त्र-शस्त्र पर भी यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। रायपुर जिले के अंदर कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के न तो कोई सभा करेगा ना ही कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा तथा ना ही कोई धरना देगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले समूह या व्यक्ति के विरूद्ध धारा दण्ड संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

शिकायत सेल कंट्रोल रूम का गठन

रायपुर (ए.)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन के लिए स्थानीय निर्वाचन शाखा कलेक्टर परिसर में शिकायत सेल कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। जहां पर नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में ड्यूटी सुनिश्चित की गई है। इसके नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर बीसी साहू है। कंट्रोल रूम का संपर्क नंबर 0771-2445785 जारी किया गया है।

कम समय में मरीजों को पहुंचाया जाएगा अस्पताल, नगर निगम रायपुर और यातायात पुलिस की पहल

राजधानी रायपुर में शुरू हुई एम्बुलेंस-ग्रीन कॉरिडोर सेवा



रायपुर (ए.)। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, नगर निगम रायपुर और यातायात पुलिस ने मिलकर एक ऐसे एम्बुलेंस-ग्रीन कॉरिडोर की योजना तैयार की है, जिसके माध्यम से मरीजों को अस्पताल शिफ्ट करने के दौरान एम्बुलेंस को निर्बाध रास्ता प्राप्त होगा। जीपीएस इनेबल्ड एम्बुलेंस से संदेश प्राप्त होते ही रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा स्थापित कमांड और कंट्रोल सेंटर से जुड़े सभी सिग्नल जंक्शन पर पहुंचते ही सिग्नल ऑटोमेटिक ग्रीन होकर एम्बुलेंस को मार्ग देंगे।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा के अनुसार मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने त्वरित सेवा प्रदान करने एक ऐसी स्वचलित प्रणाली तैयार की गई है, जिसमें जीपीएस इनेबल्ड 108-एम्बुलेंस से संदेश प्राप्त होते ही कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के सिग्नल ग्रीन हो जाएंगे। इससे एम्बुलेंस न्यूनतम समय में गंतव्य अस्पताल तक पहुंच पाएंगे। उन्होंने बताया की पायलट प्रोजेक्ट के तहत शहर में सेवा दे रहे 108 से जुड़े एम्बुलेंस को इससे जोड़ा गया है और आगे चलकर दूसरे जिलों व निजी व शासकीय अस्पतालों से संबद्ध एम्बुलेंस को भी इससे जोड़ा जाएगा। आवागमन व सिग्नल रेड होने के कारण एम्बुलेंस को विलंब न हो, इसलिए यह व्यवस्था की गई है। दूसरे एम्बुलेंस भी इस सेवा की आपातकालीन जरूरत होने पर अपने जीपीएस ऑन कर उस पर लगे बटन से ग्रीन कॉरिडोर का अनुरोध भेज सकेंगे।

श्री मिश्रा ने इस पूरी प्रक्रिया के बारे में बताया कि जीपीएस इनेबल्ड एम्बुलेंस की लाइव लोकेशन और ऑन-ऑफ ड्यूटी स्थिति संबंधी डाटा एपीआई के माध्यम से आईटीएमएस के सेंट्रल कमांड सेंटर तक पहुंचेगी। इससे जुड़े जीपीएस सिस्टम रियल टाईम की जानकारी कमांड सेंटर तक जैसे ही देंगे। एम्बुलेंस के सिग्नल जंक्शन के 250 फीट की सीमा पर पहुंचते ही सिग्नल ग्रीन हो जाएगा। एम्बुलेंस-ग्रीन कॉरिडोर की सुविधा से एम्बुलेंस की यात्रा का समय कम होगा और आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों के गंतव्य तक त्वरित गति से पहुंचाने में सुविधा होगी। अंगदान संबंधी स्थितियों में भी ग्रीन कॉरिडोर की भूमिका अहम होगी और स्वचलित व्यवस्था होने से कम पुलिस कार्य बल की जरूरत होगी। उन्होंने बताया कि विलंब से मिलने वाली चिकित्सा सहायता के कारण होने वाले मौतें भी इस सेवा के शुरू होने से कम करने में ह्यमदद मिलेगी।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

हर वक्त कमज़ोरी और थकान महसूस करते हैं, इन 5 मसालों के चूर्ण का सुबह-शाम करें सेवन

आयुर्वेदिक और युनानी दवाओं के एक्सपर्ट डॉक्टर सलीम जैदी के मुताबिक बॉडी में हर तरह की ताकत को बढ़ाने के लिए किचन में मौजूद पांच चीजें दवाई की तरह काम करती हैं। किचन में मौजूद छोटी इलायची,खसखस के दाने,देसी घी, धागे वाली मिश्री और इसबगोल की भूसी का सेवन करने से बॉडी में होने वाली कमजोरी और थकान से निजात पाई जा सकती है। आइए एक्सपर्ट से जानते हैं कि किचन में मौजूद कुछ मसालें और हर्ब्स का सेवन कैसे बॉडी की कमजोरी का इलाज करते हैं।

आयुर्वेदिक और युनानी दवाओं के एक्सपर्ट डॉक्टर सलीम जैदी के मुताबिक बॉडी में हर तरह की ताकत को बढ़ाने के लिए किचन में मौजूद पांच चीजें दवाई की तरह काम करती हैं।

बॉडी की कमजोरी को दूर करने के लिए और ताकत को बढ़ाने के लिए छोटी इलाइची का सेवन जादुई असर करता है। कमजोरी होना और बॉडी का हर वक्त थका-थका होना आम बात है। उम्र बढ़ने के साथ कमजोरी और थकान होना कोई नई बात नहीं है लेकिन कुछ लोगों को कम उम्र में ही थकान और कमजोरी होने लगती है। बॉडी में कमजोरी और थकान के लिए कई कारण जिम्मेदार हैं जैसे बॉडी में खून की कमी होना, बॉडी में जरूरी पोषक तत्वों की कमी होना, विटामिन बी12 की कमी होना भी बॉडी में कमजोरी का कारण बनता है।

पानी का कम सेवन करने से भी बॉडी में डिहाइड्रेशन होने लगता है और एनर्जी का स्तर कम होने लगता है। अक्सर लोग बॉडी में होने वाली इस कमजोरी और थकान को नजरअंदाज कर देते हैं जिसका असर हमारी पर्सनल से लेकर प्रोफेशनल लाइफ तक में पड़ता है। बॉडी में कमजोरी है और पाचन भी ठीक नहीं रहता तो इन 3 ड्राईफ्रूट्स का सेवन भिगोकर करें।

पांच मसालों के फायदे

बॉडी की कमजोरी को दूर करने के लिए और ताकत को बढ़ाने के लिए छोटी इलाइची का सेवन जादुई असर करता है। कई रिसर्च में ये बात साबित हो चुकी है कि छोटी इलाइची में मौजूद कंपाउंट ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है। इसका सेवन करने से नसें स्ट्रॉन्ग बनती हैं और बॉडी में एनर्जी का स्तर हाई होता है। खसखस का सेवन करने से भी बॉडी में ताकत बढ़ती है और नर्वस सिस्टम स्मूथ होता है। बॉडी में होने वाली हाइपरसेंसिटिविटी और हाईपर एक्साइटमेंट कम हो जाता है। पुरुषों में होने वाली समस्याओं को दूर करने में खसखस का सेवन बेहद असरदार साबित होता है।

घी का सेवन करने से बॉडी की कमजोरी दूर होती है और बॉडी में ताकत बढ़ती है। हजारों सालों से ही भारत में देसी घी को ताकत बढ़ाने और बीमारियों से दूर रहने का एक बेहतरीन उपाय माना जाता है।

खसखस में कैल्शियम, जिंक और कॉपर जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो हड्डियों को मजबूत करते हैं और उनका विकास करते हैं। मिश्री का सेवन भी बॉडी में होने वाली कमजोरी और थकान को दूर करता है। फाइबर से भरपूर इस घोल का सेवन बॉडी में टेस्टोस्टेरोन लेवल को बढ़ाता है और उसे मेनटेन भी रखता है।

इसे होम रेमेडी को कैसे तैयार करें

तीन छोटी इलायची लें और उसके बीज निकाल लें। इन इलायची को खरल में डालकर दरदरा पीस लीजिए। अब आप एक चम्मच खसखस लें और अब तवे पर एक चम्मच घी डालें और उसमें इन खसखस के दानों को डालकर भून लीजिए और तवे से उन्हें उतार लीजिए। खसखस को भी खरल में डालें और उसे हल्का सा दरदरा पीस लें। अब मिश्री को लें और उसे बारीक पीस लें। अब एक चम्मच मिश्री और एक चम्मच इस घोल को लें और एक कटोरी में डालें। बाकी रोस्ट किए हुए सारे मसाले इस कटोरी में मिला दें और उसे अच्छे से मिक्स कर लें। इस पाउडर को आप एक गिलास हल्के गुनगुने दूध के साथ खाएं। इस नुस्खे का सेवन करने से बॉडी में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है,बॉडी में ताकत बढ़ती है,कमजोरी दूर होती है।

होली के हर रंग का होता है एक खास मतलब

होली के दिन रंगों का विशेष महत्व होता है। रंगों के बिना जीवन नीरस हो जाता है। जबकि रंगों के साथ दुनिया बेहद खूबसूरत लगती है। रंगों का त्योहार होली, सिर्फ चेहरे को ही नहीं बल्कि आपके जीवन को भी रंग-बिरंगे खुशी के रंगों से रंगने के लिए आता है। इस दिन रंगों का विशेष महत्व है। रंगों के बिना जीवन नीरस हो जाता है। जबकि रंगों के साथ दुनिया बेहद खूबसूरत लगती है। अगर इस होली 2024 आपने अपने पार्टनर और दोस्तों के साथ जमकर होली खेलने का मूड बनाया हुआ है तो कलर खरीदने से पहले जान लें कौन सा रंग किसके लिए खरीदना चाहिए।

लाल रंग-

आमतौर पर लाल रंग प्रेम का प्रतीक माना जाता है। लेकिन होली खेलने के लिए उपयोग किया जाने वाला लाल गुलाल जीवन में जोश और ऊर्जा का संदेश देता है। आप बच्चों और युवाओं को लाल रंग का गुलाल लगा सकते हैं। यह रंग उनकी ऊर्जा,जज्बे और जोश को दर्शाता है।

पीला रंग-

पीला रंग हमेशा दोस्ती और संबंधों में मधुरता बढ़ाने का प्रतीक माना गया है। पीले रंग को आरोग्य, शांति और एश्वर्य का प्रतीक माना जाता है। इस रंग का अच्छा प्रभाव मानव मस्तिष्क पर पड़ता है। कहते हैं कि पीला रंग पसंद करने वाले लोग काफी पॉजिटिव होते हैं। कैसी भी समस्या आए यह कभी भी निराश नहीं होते। होली के दिन आप इस रंग का गुलाल बहनों को,महिला दोस्तों या फिर पार्टनर को लगा सकते हैं।

जानें पार्टनर को लगाना चाहिए किस रंग का गुलाल

हरा रंग-

प्रकृति की सुंदरता को बढ़ाने वाला हरा रंग शीतलता, सुकून और सकारात्मकता का संदेश देता है। आप इस रंग का गुलाल अपनों से बड़ों को लगा सकते हैं। यह रंग आंखों में चुभता नहीं और चेहरे पर खिलकर आता है।

नारंगी-

नारंगी रंग खुशमिजाजी का प्रतीक है। यह रंग मानसिक शक्ति को मजबूत करने के साथ सामाजिक संबंध भी मजबूत बनाए रखने में मदद करता है। होली के दिन इस रंग को आप अपने दोस्तों, करीबियों और परिजनों को लगा सकते हैं।

अमिताभ ने अस्पताल में भर्ती होने की खबर पर तोड़ी चुप्पी

अमिताभ बच्चन की फैन फॉलोइंग ना सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि विदेश में भी है। बीते दिन बिग बी के अस्पताल में भर्ती होने की खबर आई जिससे फैंस परेशान हो गए थे। सब उनकी अच्छी सेहत के लिए दुआ कर रहे थे।

अमिताभ बच्चन को लेकर शुक्रवार को खबर आई कि उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस खबर को सुनने के बाद फैंस काफी परेशान हो गए थे। वहीं फिर अपडेट आया कि बिग बी के पैर की एंजियोप्लास्टी हुई है हालांकि उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। इसके बाद शाम में बिग बी इंडियन स्ट्रीम प्रीमियर लीग में पहुंचे जहां वह अपनी टीम माझी मुंबई को सपोर्ट करते दिखे। फैंस भी बिग बी को देखकर हैरान हो गए थे। बिग बी से फिर इस दौरान उनकी हेल्थ के बारे में पूछा तो जानें उन्होंने क्या कहा।

क्या बोले बिग बी

दरअसल, जब अमिताभ स्टेडियम से जा रहे थे तब उनसे उनकी हेल्थ के बारे में पूछा गया जहां उन्होंने बीमारी की खबर को गलत बताया। उन्होंने रिपोर्टर को स्माइल करके कहा फेक न्यूज। बिग बी की इस बात को सुनकर फैंस बहुत खुश हैं और प्रार्थना कर रहे हैं कि वह हमेशा स्वस्थ रहें।

सचिन के साथ शेयर की फोटो

बिग बी ने वैसे स्टेडियम से अपनी और अभिषेक की सचिन तेंदुलकर के साथ फोटो भी शेयर की है। फोटो में तीनों बैठकर बात कर रहे हैं। इस फोटो को शेयर करते हुए बिग बी ने लिखा, 'क्या शानदार एक्सपीरियंस रहा आज शाम आईएसपीएल फाइनल्स में। ग्रेट सचिन तेंदुलकर के साथ टाइम स्पेंड करने का मौका भी मिला और क्रिकेट के बारे में कुछ जानकारी भी मिली।' बिग बी के पोस्ट पर सभी उनके अच्छी सेहत के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। कोई कमेंट कर रहा है आप हमेशा फिट रहें। किसी ने लिखा कि आपको ऐसे हंसता खेलता देख अच्छा लगता है। आपकी उम्र लंबी हो।

बिग बी की फिल्में

बिग बी की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह अब फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ दीपिका पादुकोण और प्रभास लीड रोल में हैं। दीपिका के साथ तो बिग बी पहले फिल्म पीकू में काम कर चुके हैं। हालांकि प्रभास के साथ बिग बी की पहली फिल्म है। इसके अलावा बिग बी कन्नड़ फिल्म बटरफ्लाई में भी नजर आएंगे।

फिल्म 'दो और दो प्यार' को साइन करना पहली नजर के प्यार जैसा था : प्रतीक

'स्कैम 1992 में हर्षद मेहता के किरदार से अपनी पहचान बनाने वाले एक्टर प्रतीक गांधी 'दो और दो प्यार' में पहली बार स्क्रीन पर रोमांस करते नजर आएंगे।

एक्टर ने कहा है कि प्रोजेक्ट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पहली नजर के प्यार जितनी तीव्र थी। स्क्रिप्ट पढ़ते ही मुझे इससे प्यार हो गया था। मुझे विद्या, सेंधिल और इलियाना जैसे अद्भुत कलाकारों के साथ अपनी पहली रोमांटिक फिल्म मिलने पर खुशी हुई। प्रतीक गांधी ने कहा, 'स्कैम 1992' के बाद मेरे पास शो और बायोपिक्स की बाढ़ आ गई थी, मैं कुछ हल्का-फुल्का मजेदार और अलग करना चाहता था। उन्होंने आगे कहा, अपनी स्क्रीन छवि के विपरीत, मैं रोमांटिक हूं। स्क्रिप्ट पढ़ते ही मुझे फिल्म और इसकी दुनिया से प्यार हो गया और मैंने इसके लिए तुरंत 'हां' कह दी।

आधुनिक समय की पृष्ठभूमि पर आधारित प्रेम को समसामयिक रूप देने वाली 'दो और दो प्यार' का निर्देशन पुरस्कार विजेता एड फिल्म निर्माता शीर्षा गुहा ठाकुरता ने किया है, जो इस फिल्म से फीचर करियर की शुरुआत कर रही हैं। यह फिल्म 19 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।

क्या आपको भी सुबह जल्दी उठने में आता है आलस

सुबह जल्दी उठना हमारे शरीर के साथ-साथ हमारे दिमाग के लिए भी काफी फायदेमंद होता है, लेकिन स्ट्रेस भरी लाइफमें नींद की कमी, टेंशन और कई अन्य कारणों से भी हमें सुबह जल्दी उठने में आलस आने...

सुबह जल्दी उठना हमारे शरीर के साथ-साथ हमारे दिमाग के लिए भी काफी फायदेमंद होता है, लेकिन स्ट्रेस भरी लाइफ में नींद की कमी, टेंशन और कई अन्य कारणों से भी हमें सुबह जल्दी उठने में आलस आने लगता है, तो आज आपको बताएंगे कुछ ऐसे टिप्स को सुबह जल्दी उठने में आपके काफी काम आएंगे।

डे प्लानिंग

डे प्लानिंग - रोज सोने से पहले अगले दिन के कार्य और प्लानिंग की सूची बनाएं और उसे पूरा करने का निर्णय करें, ये प्रक्रिया आपको जल्दी उठाने का भी काम करेगी।

मेडिटेशन करें

मेडिटेशन करें: मेडिटेशन करने से दिमाग शांत होता है साथ ही अच्छी नींद आने की भी संभावना बढ़ती है और अगर आप जल्दी और गहरी नींद सोएंगे तो आपको सुबह जल्दी उठने में भी आसानी होगी।

खुद को मोटिवेट करें

खुद को मोटिवेट करें - खुद पर विश्वास करें साथ ही खुद को मोटिवेट करें, दृढ़ निश्चय भी आपको सुबह जल्दी उठाने में कारगर हो सकते हैं।

सफलता की कल्पना करें

सफलता की कल्पना करें: सुबह जल्दी उठने और सकारात्मक परिणामों की कल्पना करने के लिए कुछ समय निकालें, ये प्रक्रिया भी आपके काम आएगी। (प्रीपिक)

सकारात्मकता

सकारात्मकता - खुद को सकारात्मक रखें और खुद पर विश्वास करें कि आप कुछ भी कर सकते हैं और यकीन मानें आप हर लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे।

व्यायाम और हेल्दी डाइट

व्यायाम और हेल्दी डाइट - सुबह जल्दी उठने के लिए व्यायाम और हेल्दी डाइट भी काफी काम आती है, व्यायाम और हेल्दी डाइट से शरीर स्वस्थ और एक्टिव रहता है और शरीर एक्टिव रहेगा तो आलस भी आप से कोसों दूर भागेगा।

मुनमुन ने राज अनादकट के साथ सगाई की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

राज अनादकट के बाद, मुनमुन दत्ता ने सोशल मीडिया पर स्पष्ट किया कि उनकी सगाई नहीं हुई है और उन्होंने इस बात की आलोचना की कि कैसे फर्जी खबरें आग की तरह फैलती हैं।

तारक मेहता का उल्टा चश्मा' फेम राज अनादकट और मुनमुन दत्ता हाल ही में अपनी सगाई की अफवाह को लेकर सुर्खियों में आ गए। रिपोर्ट्स ऑनलाइन सामने आने के तुरंत बाद, राज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अफवाहों को 'निराधार' बताया। मुनमुन ने भी साफ कह दिया है कि उनकी सगाई या शादी नहीं हुई है। मुनमुन ने एक नोट लिखकर बताया कि यह खबर फर्जी थी। मुनमुन और राज 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बबीता और टप्पू के रोल से मशहूर हुए। अजीब बात है कि कैसे फर्जी खबरें जंगल की आग की तरह फैलती हैं और बूमरैंग की तरह वापस आती रहती हैं। शादीशुदा नहीं हूं। गर्भवती नहीं हूं। जब भी मैं शादी करूंगी, चाहे वह छोटा आदमी हो या बड़ा, मैं इसे गर्व से करूंगी। यह मेरा बंगाली जीन है। हमेशा गौरवान्वित और बहादुर।

उन्होंने आगे कहा, अब मैं अपनी ऊर्जा नकली चीजों में नहीं लगाऊंगी। जीवन में बेहतर चीजों की ओर आगे बढ़ना है। भगवान दयालु हैं और जीवन सुंदर है। राज ने भी अफवाहों को खारिज करते हुए कहा, सभी को नमस्कार। बस चीजों को स्पष्ट करने के लिए यहां हूं, सोशल मीडिया पर आप जो खबरें देख रहे हैं वह झूठी और निराधार हैं।

मुनमुन दत्ता कर रही हैं एन्जॉय

दरअसल, मुनमुन दत्ता इन दिनों मालदीव में अपना वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं। उन्होंने वहां की कुछ तस्वीरें साझा की है जिसमें वह काफी खुश नजर आ रही हैं। इस दौरान बबीता जी ने मल्टीकलर का आउटफिट कैरी किया है। उनकी इन फोटोज से फैंस भी अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

खास खबर

मतदान केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा जारी

गरियाबंद। जिला दण्डाधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में 26 अप्रैल 2024 को मतदान को ध्यान में रखते हुए लोक परिशांति बनाये रखने के उद्देश्य से जिले के मतदान केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा जारी कर दिया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी आदेश में कहा गया है कि गरियाबंद जिले में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 54 राजिम एवं 55 बिंद्रानवागढ़ के समस्त मतदान केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का घातक शस्त्र यथा बन्दूक, रायफल, पिस्टल, रिवाल्वर, भाला, बल्लम, बरछा, लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर नहीं चलेगा। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक नारे लगायेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कार्य के संपादन के लिये लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हे निर्वाचन-मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें शारीरिक दुर्बलता-वृध्दावस्था तथा लंगड़ापन होने के कारण लाठी रखना आवश्यक है।

अधिकारी-कर्मचारी निष्पक्ष रहें और निष्पक्ष दिखें भी - कलेक्टर

महासमुन्द। लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने आदर्श आचार संहिता के संबंध में चारों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के प्रशिक्षण में आदर्श आचार संहिता लागू होते ही 24 घंटे, 48 घंटे, 72 घंटे के भीतर की जाने वाली संपत्ति विरूपण की कार्रवाई के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रशिक्षण में कलेक्टर ने कहा कि सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करेंगे। अपने आचार और व्यवहार से निष्पक्ष रहना होगा और निष्पक्ष दिखना भी होगा। उन्होंने कहा कि अपने सोशल मीडिया एकाउंट में भी राजनीतिक अभिव्यक्ति और टिप्पणी से बचें। उन्होंने कहा कि अपने कार्यालयों में सभी चित्रात्मक कैलेण्डर जिसमें राजनीतिज्ञ की फोटो हो आदर्श आचार संहिता लगते ही हटा देना है। कोई भी नया कार्य प्रारम्भ न करें। साथ ही सभी तरह के नियंत्रण कक्ष का संचालन प्रारंभ हो जाए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर तोषण गिरी गोस्वामी ने बताया कि शासकीय सम्पत्ति शासकीय कार्यालय से राजनैतिक संबद्धता के सभी विज्ञापन, बैनर पोस्टर, फ्लैक्सी, दीवार लेखन राजनैतिक व्यक्तियों के फोटो आदि 24 घण्टे के भीतर हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार सार्वजनिक स्थल जैसे-रेल्वे स्टेशन, बस स्टॉप, सडक, पुल के किनारे सरकारी खर्च पर लगाए गए होर्डिंग, राजनैतिक विज्ञापन, राजनीति में सक्रिय व्यक्तियों के चित्र, संदेश वाले विज्ञापन, बिजली के खंभों एवं वृक्षों पर लगाए गए बैनर, पोस्टरों को 48 घंटे के भीतर हटाया जाएगा। निजी घरों में किये गए दीवार लेखन, राजनैतिक विज्ञापन को 72 घंटे के भीतर हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

इलेक्ट्रिक वाहन रैली को झंडी दिखाकर रोड शो का शुभारंभ किया

पंचामृत लक्ष्य को पाने में इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग मिल का पत्थर साबित होगा: मुख्यमंत्री साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय यहाँ अपने निवास में छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए तथा इलेक्ट्रिक वाहन रैली को झंडी दिखाकर रोड शो का शुभारंभ किया। इलेक्ट्रिक व्हीकल का रोड शो मुख्यमंत्री निवास से शुरू होकर भगत सिंह चौक, तेलीबांधा चौक ,वीआईपी चौक और फुंडहर होते हुए एनर्जी पार्क तक किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में परिवहन के क्षेत्र में कई नई विकासशील योजनाओं द्वारा देश हित में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2021 में स्कॉटलैंड के ग्लासगो शहर में आयोजित COP -26 सम्मेलन में भारत के महत्वाकांक्षी पांच सूत्रीय- पंचामृत लक्ष्य के विषय पर पूरे विश्व को अवगत कराया था। इस दिशा में क्रेडा द्वारा विभिन्न अक्षय ऊर्जा आधारित परियोजनाओं के माध्यम से जनहित में कार्य किया जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पंचामृत लक्ष्य अंतर्गत स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में वर्ष 2030 तक देश अपने निर्भरता पारंपरिक ऊर्जा के स्त्रोतों पर कम करने हेतु प्रतिबद्ध है। इस लक्ष्य को हासिल करने हेतु परिवहन क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग एक मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को ज्यादा से ज्यादा उपयोग में लाने हेतु देश में एक नई लहर प्रारंभ हुई है जिसके तहत छत्तीसगढ़ में 39 हजार802 दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहन ,17 हजार 956 तीन पहिया वाहन एवं 1596 चार पहिया वाहन संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा इलेक्ट्रिक वाहनों से ना कोई जहरीला धुआं निकलता है और न ही पेट्रोल डीजल की आवश्यकता होती है । पेट्रोल डीजल वाहन के मुकाबले इलेक्ट्रिक वाहन एक सस्ता एवम टिकाऊ विकल्प है। इस अवसर पर खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल,विधायक पुरंदर मिश्रा, ऊर्जा विभाग के सचिव पी दयानंद, क्रेडा विभाग के सीईओ राजेश राणा , जनसंपर्क आयुक्त मयंक श्रीवास्तव, क्रेडा विभाग के अधिकारी कर्मचारी ,गणमान्य नागरिक एवं स्कूल कॉलेज की विद्यार्थी भी शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रेडा द्वारा राज्य में सौर संयंत्रों के माध्यम से समाज के हर वर्ग एवं हर तबके के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं । किसानों हेतु सौर कृषि पंप, सुदूर ग्रामीण घरों में बिजली व पानी स्वास्थ्य केंद्रों में बिजली की आपूर्ति लोगों के लिए वरदान से कम नहीं है। भारत सरकार की गो इलेक्ट्रिक कंपेन इस दिशा में एक उपयोगी एवं दूरगामी कदम है। उन्होंने कहा की आज हम सब को इस मुहिम का हिस्सा बनकर इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए और ऊर्जा बचाने के साथ-साथ पर्यावरण को भी प्रदूषण मुक्त करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों का हमेशा अपनाने और इलेक्ट्रिक वाहनों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने कहा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित सम्मेलन में 'राष्ट्रीय वक्तव्य' देते हुए क्लाइमेट चेंज की समस्या से निपटने के लिए पांच सूत्रीय एजेंडा प्रस्तुत किया था, जिसे उन्होंने पांच 'अमृत तत्व' (पंचामृत) कहा था. वैश्विक मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पहली बार भारत की तरफ से जलवायु परिवर्तन निपटने के लिए प्रतिबद्धताओं की घोषणा की थी. इनमें से सबसे प्रमुख घोषणा है भारत 2070 तक कार्बन उत्सर्जन के नेट जीरो के लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास करेगा. उन्होंने कहा था कि देश की आधी ऊर्जा आवश्यकताओं को 2030 तक नवीकरणीय स्त्रोतों का उपयोग करके पूरा किया जाएगा. इसके अलावा 2022 से 2030 तक की अवधि में कार्बन उत्सर्जन में एक बिलियन टन की कमी करेंगे. चौथे प्वाइंट के रूप में भारत ने 2030 तक कार्बन उत्सर्जन की तीव्रता को 45त्न से कम करने का लक्ष्य रखा है. पंचामृत योजना आर्थिक विकास के लिए अधिक लचीला, टिकाऊ, समावेशी स्वरूप प्रदान करेगा. गरीब लोगों को, महिलाओं को नए अवसर प्रदान करता है. यह निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन के लिए किए जा रहे प्रयासों में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा।

प्रदेश की सभी 11 सीट जीतेगी भाजपा-मंत्री केदार कश्यप

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। छत्तीसगढ़ के वन और पर्यावरण मामलों के मंत्री केदार कश्यप ने विश्वास जताया है कि भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में कोरबा और बस्तर में जीत का परचम लहराने के साथ सभी 11 सीटों को जीतेगी। इस बारे में किसी प्रकार का संदेह नहीं है। सीएसईबी के सीनियर क्लब में आज आयोजित हो रहे एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केदार कश्यप हेलीकाप्टर से पहुंचे।

हेलीपेड पर भाजपा कार्यकर्ताओं और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मीडिया से चर्चा करते हुए वनमंत्री ने कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने लगातार दूसरे कार्यकाल में शानदार काम किया। इसमें सुरक्षा के साथ अधोसंरचना विकास और बुनियादी जरूरतों पर बहुत ज्यादा ध्यान दिया गया।

करोड़ों लोगों को इन कार्यों से लाभान्वित किया गया और उन्हें सुविधा पाने की पात्रता दे दी गई। विकास के मुद्दे पर इस चुनाव को लड़ा जा रहा है। कई दशक से लटके हुए मामले न केवल निराकृत किये गए हैं बल्कि उन्हें संसद से पास कराने के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है। जो घोषणाएं सरकार की ओर से की गई उन्हें जमीन पर उतारने से जनता खुश है। ऐसे सभी मुद्दों के साथ भाजपा लोकसभा चुनाव लड़ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में कोरबा और बस्तर सीट में भाजपा पिछड़ गई थी लेकिन अबकी बार समीकरण अलग है।

बेहतर रणनीति के साथ कार्यकर्ता काम में जुटे हैं। लोगों का समर्थन सरकार के कामकाज और भाजपा की नीतियों को है इसलिए हम इन दोनों सीटों के साथ छत्तीसगढ़ में लोकसभा की सभी 11 सीटों को जीतेंगे और इसका पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी चयन का काम समय पर होने से हमारे प्रत्याशी को अच्छा समय मिला है। कोरबा में विभिन्न प्रजातियों के सर्पों और अजगरों की उपस्थिति को लेकर वनमंत्री ने मीडिया के सामने घोषणा की है कि स्नैक पार्क भी बनाया जाएगा ताकि यह बहुआयामी साबित हो सके। सीनियर क्लब के कार्यक्रम में उपस्थिति के बाद वनमंत्री कार्यकर्ताओं की संक्षिप्त बैठक लेने के बाद रायपुर रवाना होंगे।

30 नगरीय निकायों के लिए 112 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर,। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के 30 नगरीय निकायों के लिए 14वें एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत कुल 112 करोड़ दस लाख 51 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इनमें 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 30 नगरीय निकायों के लिए कुल 111 करोड़ 88 लाख एक हजार रुपए तथा 14वें वित्त आयोग के तहत खरौद नगर पंचायत के लिए 19 लाख 38 हजार रुपए और नई लेदरी नगर पंचायत के लिए तीन लाख 12 हजार रुपए की राशि शामिल हैं। नगरीय निकायों में विकास कार्यों में तेजी लाने उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने ये राशि मंजूर की है। उन्होंने गुणवत्ता एवं समय-सीमा का ध्यान रखते हुए इन राशियों से प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत भिलाई-चरोदा नगर निगम के लिए सात करोड़ 71 लाख 37 हजार रुपए, बिलासपुर नगर निगम के लिए आठ करोड़ 90 लाख 86 हजार रुपए, कवर्धा नगर पालिका के लिए 71 लाख 39 हजार रुपए, सरायपाली नगर पालिका के लिए एक करोड़ 53 लाख 78 हजार रुपए, बागबहरा नगर पालिका के लिए आठ लाख 33 हजार रुपए, लोरमी नगर पंचायत के लिए 98 लाख रुपए, डौंडीलोहारा नगर पंचायत के लिए 73 लाख 52 हजार रुपए, दुर्ग नगर निगम के लिए तीन करोड़ 69 लाख 53 हजार रुपए, रायगढ़ नगर निगम के लिए सात करोड़ 11 लाख 75 हजार रुपए, राजनांदगांव नगर निगम के लिए चार करोड़ 20 लाख 62 हजार रुपए, बलौदाबाजार नगर पालिका के लिए 45 लाख सात हजार रुपए, नई लेदरी नगर पंचायत के लिए 52 लाख रुपए, उतई नगर पंचायत के लिए 32 लाख 85 हजार रुपए और चिरमिरी नगर निगम के लिए चार करोड़ 37 लाख 94 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।

विभाग द्वारा 15वें वित्त आयोग के तहत झगराखंड नगर पंचायत के लिए 12 लाख रुपए, मुंगेली नगर पालिका के लिए 18 लाख रुपए, मनेंद्रगढ़ नगर पालिका के लिए साढ़े 16 लाख रुपए, राहौद नगर पंचायत के लिए 37 लाख 62 हजार रुपए, रायपुर नगर निगम के लिए 53 करोड़ 51 लाख 28 हजार रुपए, तुमगांव नगर पंचायत के लिए 22 लाख 95 हजार रुपए, खरौद नगर पंचायत के लिए 27 लाख 41 हजार रुपए, बसना नगर पंचायत के लिए 59 लाख 74 हजार रुपए, रामानुजगंज नगर पंचायत के लिए एक करोड़ 11 लाख 85 हजार रुपए, बिलाईगढ़ नगर पंचायत के लिए एक करोड़ नौ लाख 30 हजार रुपए, माना कैंप नगर पंचायत के लिए 33 लाख 86 हजार रुपए, शिबरीनारायण नगर पंचायत के लिए 27 लाख 82 हजार रुपए, लखनपुर नगर पंचायत के लिए नौ लाख 32 हजार रुपए, नवागढ़ नगर पंचायत के लिए 27 लाख 79 हजार रुपए, कोटा नगर पंचायत के लिए 37 लाख 24 हजार रुपए एवं धमतरी नगर निगम के लिए 11 करोड़ 48 लाख 32 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने ध्वनि विस्तारक यंत्रो के प्रयोग के संबंध में जारी किया दिशा-निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

बालोद। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के उपरांत जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गया है। इसके फलस्वरूप कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान बालोद जिले में वनि विस्तारक यंत्रो के प्रयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन के दौरान सभी राजनैतिक दल उनके कार्यकर्ता तथा उनसे सहानुभूति रखने वाले व्यक्ति अपने दल के प्रचार-प्रसार के लिये लाउडस्पीकरों का प्रयोग करते हैं। इन लाउडस्पीकरों का प्रयोग न केवल स्थाई मंच से होता है बल्कि वाहनों यथा ट्रक, टेम्पों, कारें, टैक्सियों, वैन, तिपहिया, स्कूटर, साइकिल, रिक्शा आदि पर होते हैं। ये वाहन सभी सड़कों, गलियों, उप गलियों पर चलते है और गांवों, बस्तियों, मोहल्लों, कालोनियों में भी बहुत ऊंची आवाज पर लाउडस्पीकरों से प्रसारण करते हुए जाते है। इससे ध्वनि प्रदषूण होता हैं और आम जनता की शांति व प्रशांति में बहुत बाधा उत्पन्न होती हैं। लाउडस्पीकरों की ऊँची आवाज के प्रयोग से विद्यार्थी वर्ग विशेष रूप से अशांत हो जाते है, क्योंकि उनकी पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित होती हैं और चूंकि लाउडस्पीकर पर बहुत सुबह शोरगुल करना शुरू कर देते हैं और पूरा दिन इससे बुढ़ें, दुर्बल और बीमार चाहे वे किसी भी संस्था, अस्पताल आदि में हो या घर में हो, उन्हें बहुत बेचैनी होती है। उन्होंने कहा कि मैं इस बात से पूरी तरह भिज्ञ हूँ कि निर्वाचन अवधि में लाउडस्पीकरों के प्रयोग को पूर्ण रूप से रोका नहीं जा सकता क्योंकि लाउडस्पीकर निर्वाचन प्रचार के एवं जन समूह संप्रेषण के साधनों मे से एक साधन है, लेकिन इसके साथ-साथ विषम समय एवं विषम स्थान पर लाउडस्पीकर के अविवेक पूर्ण तथा ऊंचे स्वरों पर अव्यवहारिक प्रयोग जिसकी शांति एवं अशांति पर कुप्रभाव पड़ता हो एवं सामान्यत: जन सामान्य एवं विशेषत: रोगियों एवं विद्यार्थी समुदाय की बेचैनी का कारण हो, की अनुमति नहीं दी जा सकती हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के द्वारा उपरोक्त वर्णित तथ्यों के प्रकाश में हर पहुलओं पर विचार करने के उपरांत में छ.ग. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा-4 के अंतर्गत् प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए रात्रि 10 से प्रात: 06 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का चलाया जाना अथवा चलवाया जाना पूर्ण रूप से निषिद्ध करता हूँ। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग चुनाव प्रसार करने के लिए वाहनों पर और चुनावी सभाओं में प्रात: 06 बजे से रात्रि 10 तक ही किया जा सकेगा, किन्तु ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्र साधारण किस्म के होंगे और मध्यम आवाज में ही चलाये जायेंगे। लोक शांति को देखते हुए लंबे चोंगे वाले माईक (हार्न माईक) का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाता हैं। वाहनों पर और चुनावी सभाओं में एक से अधिक माईक समूह में नहीं लगाये जायेंगे। इन्हें भी प्रतिबंधित किया जाता हैं।

सरकार बनाने में पार्टी कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण : बृजमोहन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कोई भी युद्ध बगैर समर्पित सैनिकों के नहीं जीता जा सकता है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी किसी सैनिक से कम नहीं, जो विरोधियों का डटकर सामना करते हुए उन्हें पराजित करते हैं। कार्यकर्ता ही पार्टी के कार्यों और विचारधारा को जनता के बीच लेकर जाते हैं। सरकार बनाने में उनकी बहुत बड़ी भूमिका रहती है। यह बात मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कही। सम्मेलन का आयोजन अभनपुर और देवपुरी में किया गया था।

इस मौके पर बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, आने वाले चुनावों तक सभी अपनी कमर कस लें। और आराम को छोड़ कर जनता के बीच जाएं। जनता को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए गए कार्यों से अवगत कराए। देश में मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ही है जो गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। मोदी की गारंटी में छत्तीसगढ़ के लोगों को उनका पूरा हक मिला है। किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की गई है।

गरीबों के लिए करीब 18 लाख तक के मकान बनाए जा रहे हैं जहां बिजली और पानी की भी सुविधा होगी जिससे बच्चों को पढ़ने में भी आसानी होगी। किसी महिला ने सपने में भी कभी नहीं सोचा होगा कि, उसके खाते में साल में ?12000 आएंगे। लेकिन मोदी है तो मुमकिन है और आज महिलाओं के खाते में 1000 रुपए महीने आने भी लगें।

CAR DECOR
House Of Exclusive
Seat Cover,
Car Stereos Matting &
Sun Control Film &
Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower.
Opp. Indian Coffee House,
Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES
FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden)
Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok
JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers,
Akash Ganga,
Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

खास खबर

पत्नी से डंडा से पीट-पीटकर की पति की हत्या, गिरफ्तार

बालोद (ए.)। जिले के भुसरेंगा गांव में एक महिला ने अपने पति की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी महिला का पति काम नहीं करता था, जिससे वह परेशान थी और आए दिन दोनों के बीच इस बात को लेकर विवाद होते रहता था। जिससे नाराज पत्नी ने उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि मृतक का नाम सुदामा 39 वर्ष है जो कि भूसरेंगा का ही रहने वाला था। उसकी हत्या को अंजाम देने के बाद उसकी पत्नी योगिता मौके फरार हो गई थी। वहीं घटना के बाद सुदामा के परिजनों ने उसे घायल अवस्था में धमतरी के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद सनौद थाना पुलिस ने आरोपी योगिता की पतासाजी कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। वहीं योगिता ने भी अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

शराब बेचते 4 कोचिया गिरफ्तार

रायपुर (ए.)। माना एवं सेजबहार पुलिस ने अवैध शराब बेचते 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 93 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 470 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार माना पुलिस ने डुमरतराई में अवैध शराब बेचते आरोपी शशिकांत साहू 29 वर्ष, गोयल भट्ट 30 वर्ष व धनेंद्र सिन्हा 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन तीनों के पास से कुल 60 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 220 रुपए जब्त किया है। वहीं सेजबहार पुलिस ने कमल विहार डुडा के पास आरोपी राजाराम साहू 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 33 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

महिला के पर्स से जेवर व नकदी पार

रायपुर (ए.)। बस में महिला के हैण्डबेग से सोने का हार और नकदी 8 हजार रुपए अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कुंदन भट्टर 34 वर्ष सेक्टर 5 देवेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी पत्नी के साथ पायल ट्रेवल्स की बस में सवार होकर अमरावती से रायपुर आया। इस दौरान भाठागांव बस स्टेण्ड में उसकी पत्नी अपनी हैण्डबेग को चेक किया तो उसमें रखे सोने का हार और नकदी 8 हजार रुपए गायब था। अज्ञात चोर ने यात्रा के दौरान उसकी हैण्डबेग से ये सब पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 60 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मॉर्निंग वॉक में निकली महिला हुई चेन स्नेचिंग की शिकार

रायपुर (ए.)। शंकर नगर सेक्टर 1 स्थित किशोर शॉपिंग मॉल के पास एक बुजुर्ग महिला चेन स्नेचिंग की शिकार हो गई। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने बाइक सवार अज्ञात दो युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया आशा कोरी 72 वर्ष सेक्टर 1 शंकर नगर की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया रोजाना की तरह मॉर्निंग वॉक पर निकली थी। तभरी किशोर शॉपिंग मॉल के पास बाइक सवार दो युवक पीछे से आए और महिला के गले से सोने की चेन लूटकर भाग निकले। लूटे गए चेन की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 392 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

महिला से दुष्कर्म, गिरफ्तार

जशपुर (ए.)। शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म के आरोपी शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी राम कुमार कश्यप 33 वर्ष जांजगीर चांपा में सहायक शिक्षक प्राथमिक के पद पर पदस्थ है।

पीड़िता की शादी आठ वर्ष पूर्व दूसरे व्यक्ति के साथ हुई थी। पति द्वारा मारपीट करने पर वह मायके अकलतरा में रह रही थी। इसी दौरान राम कुमार कश्यप महिला से मोबाइल पर बातचीत करने लगा। फिर शादी का झांसा देकर महिला को कोतवा ले आया और किराए के मकान में एक साल उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। बाद में शादी से इनकार कर दिया। इसकी शिकायत पर अकलतरा पुलिस ने धारा 376 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी गिरफ़्तार कर लिया है।

छत्तीसगढ़ में माओवादियों की नस तोड़ रहे जवान, दो दिनों में तीन नक्सली ढेर

लोकसभा चुनाव से पहले बस्तर में तेज हुआ सर्चिंग अभियान

रायपुर (ए.)। छत्तीसगढ़ में पिछले दो दिनों से लगातार जवानों और नक्सलियों के बीच अलग-अलग इलाकों पर मुठभेड़ हुई है। जिसमें बीजापुर के जंगलों में बीते दो दिनों में हुई मुठभेड़ में जवानों ने तीन नक्सलियों को मार गिराया

छत्तीसगढ़ में लगातार जवान नक्सलियों पर हावी होते दिखाई दे रहे हैं। दो दिनों के भीतर में नक्सलियों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बस्तर और बीजापुर के जंगलों में नक्सलियों ने मुठभेड़ के दौरान तीन नक्सलियों को मार गिराया है। इस पूरी घटना की पुष्टि एसपी जितेंद्र कुमार यादव ने की है। बताया जा रहा है कि जवान हमेशा की तरह सर्चिंग अभियान पर निकले हुए थे। उस दौरान जंगल में नक्सलियों के मूवमेंट की खबर जवानों को मिली थी। इसके बाद जवानों ने घेराबंदी करते हुए नक्सलियों पर जमकर फायरिंग की इस फायरिंग में दो नक्सलियों को ढेर कर दिया गया है। बीजापुर की घटना को लेकर एसपी



जितेंद्र कुमार यादव ने बताया मौके सर्चिंग में जवानों ने दो नक्सलियों का शव बरामद किया था। इसके अलावा भारी मात्रा में हथियार व नक्सलियों की सामग्रियां भी जब्त गई थी।

बस्तर के जंगलों में माओवादियों और जवानों के बीच गोलीबारी रुकने का नाम नहीं ले रही है। बीते शुक्रवार और शनिवार को बस्तर और बीजापुर के जंगलों में हुई मुठभेड़ के दौरान जवानों ने तीन नक्सलियों को मारकर बड़ी सफलता हासिल की है। जवानों ने जहां बीजापुर में दो और बस्तर में एक नक्सली को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि बस्तर संभाग के कांकेर जिले में नक्सलियों और जवानों की मुठभेड़ में जवानों ने एक वर्दीधारी नक्सली को मार गिराया है। एसपी इंद्रा कल्याण एलेसेला ने बताया पुलिस की पार्टियां अभी मौके पर हैं सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। जबकी पुलिस व सुरक्षाबलों के जवान सुरक्षित हैं।

प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही बस्तर संभाग में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज हो गया है। बता दे कि बस्तर लोकसभा सीट पर पहले चरण में मतदान किए जाने हैं। सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, कांकेर, जगदलपुर व कोंडागांव में सुरक्षाबलों के पार्टियाँ नक्सलियों की कोर इलाक़े में विशेष अभियान के माध्यम से पहुंच रही है। इस बीच बस्तर लोकसभा सीट अंतर्गत आने वाले नारायणपुर जिले में सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा जवानों को नुक़सान पहुंचाने के मकसद से लगाए गए आईईडी को बरामद किया गया है। इसकी पुष्टि एसपी प्रभात कुमार ने की है।

आवास दिलाने के नाम पर हजारों रुपए की ठगी

रायपुर (ए.)। बीएसयूपी कालोनी उरला में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर दिलाने के नाम पर 3 लोगों से 45 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बृजेश सिंह क्षत्री नगर निगम बीरगांव का आयुक्त है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी प्रहलाद नेताम 25 वर्ष ने बीएसयूपी कालोनी उरला क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना का मकान दिलाने के नाम पर 3 लोगों से 45 हजार रुपए ले लिया और नगर निगम बीरगांव का फर्जी रसीद पर फर्जी सील लगाकर धोखाधड़ी किया है। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 467, 468 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

जादू-टोने के शक में अधेड़ महिला की हत्या

राजनांदगांव (ए.)। खैरागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भरदाकाला में बीते दिन एक अधेड़ महिला का खून से लथपथ शव मिलने के मामले को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर सुलझा लिया है। मामलें में पुलिस ने महिला के पड़ासी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने जादू-टोना करने के शक में महिला की हत्या की थी।

बता दें कि ग्राम भरदाकाला में शुक्रवार को एक अधेड़ महिला मिलवनतिन बाई की खून से लथपथ लाश मिली थी। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी थी। सूचना पर मौके पर पहुंची खैरागढ़ पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतका का उसके पड़ोसी सोहल बघेल के साथ अक्सर विवाद होता रहता था। जिसके बाद पुलिस ने संदेही सोहन के बारे में पता किया तो पता चला की वह फरार है। जिसके बाद पुलिस ने उसे सूचना के बाद राजनांदगांव से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सोहन ने पुछताछ में पुलिस को बताया कि उसकी बहन पिछले एक साल से बीमार चल रही थी। जिसके लिए सोहन का पूरा परिवार पड़ोसी मिलवनतींन बाई को दोषी मानता था। सोहन बघेल और उसका परिवार मिलवनतींन बाई पर जादू टोना करने का शक करता था। सोहन अपनी बहन को किसी अच्छे डॉक्टर के पास लेकर ना

जाकर बैगा गुनिया के चक्कर में पड़ गया। बहन की बीमारी में तो सुधार नहीं आया, उल्टा उसकी हालत और बिगड़ने लगी। और बहन की बिगड़ी हालत का ज़िम्मेदार मिलवनतींन बाई को ही मानकर सोहन ने उससे बदला लेने की ठानी और गुस्से में उसके घर पहुंचा और हंसिया से मिलवनतींन बाई पर ताबड़तोड़ वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या कर सोहन बघेल अपने कपड़े और जूते जलाकर राजनांदगांव में छिप गया। तकनीकी सहायता और टीम वर्क से पुलिस ने महज आठ घंटे में आरोपी सोहन बघेल को गिरफ्तार कर लिया।

सरेआम शराब पीते 26 पकड़ाए

रायपुर (ए.)। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर पुलिस ने पीएस कालोनी चंगोराभाठा में सरेआम शराब पीते आरोपी तिरथ धीवर 20 वर्ष एवं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी भुनेश्वर बघेल 19 वर्ष व संजू जायसवाल 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी महेंद्र साहू 26 वर्ष, आमानाका पुलिस ने आरोपी चंदू लाल 20 वर्ष एवं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी नरेंद्र साहू 24 वर्ष, निखिल 24 वर्ष व रामचंद यादव 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी नितिश कुमार 32 वर्ष व मुकेश सिंह 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी श्याम लाल डोंगरे 58 वर्ष, विधानसभा पुलिस ने आरोपी विनोद बर्मन 39 वर्ष, अजय पात्रे 34 वर्ष, मोहित यादव 24 वर्ष व रामायण मानिकपुरी 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी कैलाश ठाकुर 54 वर्ष, ईश्वर यादव 42 वर्ष, तारेश साहू 24 वर्ष व राम परमार 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी हेमंत मांडले 45 वर्ष, रविदास बांधे 50 वर्ष, भागवत चक्रधारी 50 वर्ष, उमेश कुमार साहू 30 वर्ष व संजय साहू 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी राजाराम साहू 33 वर्ष एवं खरोरा पुलिस ने आरोपी नरोत्तम देवांगन 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अस्त्र-शस्त्र पुलिस थाना में जमा कराने निर्देश

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया आदेश

कांकेर (ए.)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने लोक सभा आम चुनाव -2024 के निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने तथा लोक शांति की सुरक्षा के साथ ही आम व्यक्ति की सुरक्षा हेतु सीमित अवधि के लिए कांकेर जिले की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में आग्नेय अस्त्र लायसेंसियों से जमा करवाने का आदेश जारी किया है, ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित न हो तथा इन लॉयसेंसी शस्त्रों का दुरूपयोग होने से रोका जा सके।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3) के उप क्लॉज (बी) धारा -21 आयुध अधिनियम के तहत उपरोक्तानुसार सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले समस्त शस्त्र लॉयसेंसियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस थाना में 16 मार्चसे जमा करें। यह आदेश इस जिले में निवासरत एवं बाहर जिले से आये समस्त लायसेंसी शस्त्रधारियों पर भी लागू होगा। सभी लायसेंसी शस्त्र अधिसूचना अवधि समाप्ति 6 जून 2024 के उपरांत संबंधित पुलिस थाना से प्राप्ति अभिस्वीकृति दिखाकर वापस प्राप्त किया जा सकेगा। उक्त आदेश से समस्त मान्यता प्राप्त बैंकों के सुरक्षा गार्ड, राष्ट्रीय रायफल संघ व जिला रायफल संघ तथा इस जिले के औद्योगिक संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों पर सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा गार्ड मुक्त रहेंगे, लेकिन वे अपने अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाने में अवश्य देंगे तथा अपने अस्त्र बिना थाना प्रभारी की अनुमति के अपने परिसर की सीमा क्षेत्र से बाहर नहीं ले जा सकेंगे।

आदेश में यह भी उल्लेखित किया गया है कि ऐसे अनुज्ञप्तिधारी (लायसेंसी) व्यक्ति जिनके पास सुरक्षा के लिहाज से शस्त्र होना अति-आवश्यक है, अनुज्ञप्तिधारी के आवेदन पर जिला कमेटी (एडीएम, एडीएसपी) द्वारा विचार उपरांत इस आदेश से मुक्त रखने अथवा नहीं रखने के संबंध में निर्णय लिया जा सकेगा। जिला कमेटी को दिये जाने वाले आवेदन कलेक्ट्रेट कांकेर के कक्ष क्रमांक 15 में लॉयसेंस शाखा में दिया जा सकेगा। उक्त आदेश के तहत 16 मार्च से 6 जून तक के लिए जिले के राजस्व सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले समस्त शस्त्र लॉयसेंसियों (आदेश के बिन्दु 3 के लॉयसेंसी शस्त्रधारियों को छोड़कर) के शेष सभी शस्त्र लॉयसेंस निलंबित किये जाते हैं। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होंगे।

अज्ञात व्यक्ति ने टाटा एस वाहन में लगाई आग

रायपुर (ए.)। ग्राम टेमरी में अज्ञात व्यक्ति ने टाटा एस वाहन को आग लगा दिया। जिससे वाहन मालिक को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राकेश कुमार निषाद 34 वर्ष ग्राम टेमरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी टाटा एस वाहनर क्रमांक सीजी 04 एमपी 2636 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात व्यक्ति ने उसमें आग लगा दिया। जिससे वाहन जलने से प्रार्थी को 90 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 435 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुलिस ने आरोपी पत्नी को भेजा जेल

शराबी पति की सब्बल मारकर हत्या, पत्नी गिरफ्तार

कोरबा (ए.)। वृद्ध की हत्या के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। उसकी पत्नी ने ही सब्बल से वार कर हत्या की थी। पुलिस ने आरोपित महिला को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

श्यामलाल राठिया की रक्त रंजित अवस्था में घर में लाश मिली थी। शार्ट पीएम रिपोर्ट में पुलिस ने हत्या किसी भारी वस्तु से किये जाने की पुष्टि की। मृतक की पत्नी कलश बाई राठिया से पूछताछ किया गया। पहले तो वह पुलिस को गुमराह करते हुए बताया था कि वह किसी काम से बाहर गई हुई थी इस दौरान यह घटना हुई वापस लौटी तो उसका पति मृत अवस्था में मिला। पूछताछ

किए जाने पर उसने अपराध कबूल करते हुए बताया कि अपने पति की हत्या सब्बल से मारकर उसने की है। उसने बताया कि पति श्यामलाल रोज शराब पीता था। वह ग्राम नकटीखार से दारू खरीदकर लाता था।

शराब पी लेने के बाद मेरा विवाद करते हुए मारपीट करता था। कहीं काम से बाहर जाती थी तो वह चरित्र पर शंका करता था। 13 मार्च को वह सुबह उठी तो श्यामलाल भी उठकर ब्रश करके मेरे से शराब पीने के लिए 50 रुपये मांगा और शराब घर पर लाकर पीया। इसके बाद वह सब्जी बेचने के लिए खरमोरा चली गई। वापस लौटी तो पति फिर से दारू पीने के लिए पैसा मांगने लगा। मना करने पर गाली दिया और मारपीट करने लगा। गुस्से में उसने अपने पति को धक्का मारकर अपने से दूर भगाने का कोशिश की। इस बीच श्यामलाल उसे मरने के लिए कैंची उठा लिया। वह बचने की कोशिश की और इस आपाधापी में उसके अंगूठा में चोट लगी। कैलाश भाई ने बताया कि पास में ही रखें सबल उसने उठा लिया और आवेश में पति पर वार कर दिया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष भिड़े

रायपुर (ए.)। सुदामानगर में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी विकाश गुप्ता 27 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी आकाश साहू, नानु यादव व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर डंडा से मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी आकाश साहू 26 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी विकाश गुप्ता ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर ऑपरेशन ब्लेड से दाहिने हाथ पर मारकर चोट पहुंचाया। दोनों पक्षों की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER

कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

खास - खबर

दुर्ग शहर से निकलने वाले ठोस अपशिष्ट का निष्पादन के लिए प्लांट की स्थापना का कार्य प्रारंभ

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग शहर से प्रतिदिन 120-125 टन ठोस अपशिष्ट उत्पादित होता है जिसमें से निगम में स्थित 10 एस.एल.आर.एम. सेंटर से प्रतिदिन 35-40 टन का निष्पादन के उपरांत शेष 80-85 टन ठोस अपशिष्ट के निष्पादन हेतु नगर निगम दुर्ग की महापौर परिषद एवं सामान्य सभा द्वारा पारित संकल्प अनुसार प्लांट की स्थापना होगी।अनुबंधित कंपनी उरला में स्थित लगभग 3 एकड़ भूमि पर चुने की मार्किंग कर जे.सी.बी. के माध्यम से भूमि समतलीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है।प्लांट की स्थापना पर होने वाला व्यय कंपनी के द्वारा किया जायेगा निगम को मात्र प्रतिमाह 7.50 लाख का व्यय होगा उक्त प्लांट की स्थापना एवं संचालन से शहर में अन्य स्थानों पर लिगेशी वेस्ट का डम्प होना बंद हो जायेगा नगर निगम दुर्ग के इस निर्णय से ठोस अपशिष्ट का निष्पादन के कार्य में बहुत बड़ी राहत मिलेगी।अपशिष्ट प्रबंधन के लिए चयन उरला के रिक्त भूमि में किया मार्किंग,शहर से निकलने वाले ठोस उपशिष्टों के निष्पादन के लिए केंद्र की स्थापाना,स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर से निकलने वाले ठोस अपशिष्टों के निष्पादन हेतु प्लाट की स्थापना एवं संचालन कार्य उरला में लगभग 3 एकड़ भूमि पर दिनांक 15 /3/24 को निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं श्री दबाले उपअभियंता के मार्गदर्शन में 3 एकड़ एरिया में चुने की मार्किंग किया गया एवं ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ करने की कार्रवाई सुनिश्चित की गई है।

निगम ने अवैध प्लाटिंग पर किया कार्रवाई

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के भवन अनुज्ञा शाखा, जोन 1 का राजस्व अमला ,जिला प्रशासन के प्रतिनिधि ,पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में कोहका हाउसिंग बोर्ड कालोनी के पीछे लगभग 5 एकड भूमि कर किये जा रहे अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई कर जे.सी.बी.से भूमि को मूल स्वारूप प्रदान किया। भिलाई निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम क्षेत्र मे अवैध कब्जे तथा अवैध प्लाटिंग पर जांच कर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए है । निगम के अधिकारी कर्मचारी सम्पूर्ण क्षेत्र मे नजर रख कर तथा जन शिकायतो के आधार पर समय समय पर शहर के घनी आबादी के बीच होने वाले अवैध कब्जे तथा अवैध निर्माण पर कार्रवाई कर रही है। इसी कडी में निगम के भवन विभाग तथा जोन 1 का राजस्व विभाग शुक्रवार को हाऊसिंग बोर्ड कालोनी के पीछे ग्राम कोहका के खसरा नम्बर 1227 में लगभग 5 एकड जमीन पर कुछ लोगो के द्वारा किये जा रहे.अवैध प्लाटिंग कि सूचना पर जे.सी.बी.के साथ मौके पर पहुँच कर भूमि पर काम कर रहे लोगो से भूमि संबंधित आवश्यक दस्तावेज तथा निर्माण अनुमति दिखाने को कहा तो भूमि के स्वामी के रूप कोई मौक पर उपस्थित नही हुए और ना ही दस्तावेज दिखाया गया । तब निगम की टीम ने भूमि अवैध रूप से मुरूम डाल कर बनाए गए कच्चा सडक को जे.सी.बी.से खोद कर मुरूम में जब्त किया और स्थल पर किये गये छोटे ईट घेरे को उखाड कर भूमि को समतल किया। कार्रवाई में भवन अधिकारी हिमान्शु देशमुख, तहसीलदार भिलाई पंचभाई गुरूदत्त, सहायक राजस्व अधिकारी धीरज.साहू, पुलिस के जवान,निगम का तोडफोड दस्ता उपस्थित रहे।

आचार संहिता लगते ही शहर से हटने लगे राजनीतिक दलों के होर्डिंग्स, बैनर व पोस्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत लोक सभा आम निर्वाचन 2024 आचार संहिता प्रभावशील होते ही आचार संहिता लगने और चुनाव की तारीखें घोषित होने के साथ ही प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया।शनिवार को निर्वाचन आयोग की ओर से इसकी घोषणा किए जाने के बाद कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश व आयुक्त लोकेश चंद्रकर के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,प्रभारी अतिक्रमण चंदन मन्हारे,नेतृत्व में कर्म शाला प्रभारी शौएब अहमद,भूपत की मौजूदगी में अतिक्रमण दल द्वारा सार्वजनिक स्थानों से होर्डिंग्स, बैनर,पोस्टर आदि प्रचार सामग्रियों को हटवाना शुरू कर दिया।

पटेल चौक मुख्य जीई रोड,राजेन्द्र पार्क सहित चौराहा, गौरव पथ,जेल तिराहा, पुलगांव मिनी माता तिराहा, बस स्टैंड आदि जगहों पर सभी राजनीतिक दलों के होर्डिंग को तेजी से हटाया जाने लगा। इसके अलावा सरकारी कार्यालयों से भ होर्डिंग्स भी उतारने का कार्य शुरू किया गया है।साथ ही दीवारों में सभी राजनीतिक दलों के प्रचार प्रसार को भी पोता जा रहा है। बाजार क्षेत्रो में सभी प्रमुख चौराहों लगी प्रचार सामग्री को नगर पालिक निगम अतिक्रमण टीम द्वारा हटाने का कार्य शुरू किया गया है।सरकार की उपलब्धियों को दर्शाने वाले होर्डिंग्स भी उतरवा दिए गए हैं।निगम प्रशासन हरकत में दिखा और होर्डिंग व बैनर जैसी सभी राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री को उतरवाया गया। सभी दलों के प्रचार सामग्रियों से पटे प्रमुख चौराहों का नजारा बदल गया और सारे होर्डिंग्स और बैनर हटाए जाने का अभियान शुरू कर दिया गया।

संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत होगी प्रभावी कार्यवाही

छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा 03 में निहित प्रावधान अनुसार कोई भी व्यक्ति जो संपत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी संपत्ति को स्याही खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिख कर या चिन्हित कर के उसे विरूपित करेगा यह जुर्माने से जो एक हजार रूपया तक का हो सकेगा, दंडनीय होगा। इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संपत्ति विरूपण के संदर्भ में राज्य में प्रचलित विधि के प्रावधानों के अनुसार कठोर कार्यवाही किया जाना है। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों अथवा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा शासकीय एवं अशासकीय भवनों की दीवालों पर किसी भी प्रकार के नारे लिख कर विकृत किया जाता है, तो उनके विरुद्ध छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

भोपाल में भिलाई के चित्रकार ललित दुबे का प्रेजेंटेशन, राम-राम शब्दों से बनी चित्रकारी ने किया आकर्षित

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित द्वितीय अंतराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन में भिलाई छत्तीसगढ़ के चित्रकार ललित दुबे की कलाकृति आकर्षण का केन्द्र रही। ललित दुबे ने राम-राम शब्दों को जोड़कर ऐसी शानदार कलाकृति बनाई जिसे देखने वालों ने जमकर सराहा। भोपाल में यह कार्यक्रम तुलसी मानस प्रतिष्ठान और रामायण केन्द्र भोपाल द्वारा मानस भवन भोपाल में किया गया। प्रर्दशनी का उद्घाटन पूर्व सांसद रघुनन्दन शर्मा, एमपी के कैबिनेट मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी व इंडोनेशिया से आए अजित सिंह चौहान द्वारा किया गया।

इस प्रर्दशनी में दक्षिण एशियाई देशों कम्बोडिया, म्यांमार, लाओस, इंडोनेशिया के दुर्लभ मंदिरों के चित्र प्रदर्शन के लिए लगाए गए। अलग अलग देशों की कलाकृतियों के बीच भिलाई के ललित दुबे द्वारा राम-राम शब्दों से बनी चित्रकला विशेष आर्कषण का केन्द्र रही। सामान्यत: चित्रकला रंग एवं ब्रस से बनाया जाता है किन्तु ललित दुबे द्वारा बनाई गई चित्रकला शैली से हटकर है। रंगीन पेन से ड्राइंग शीट पर राम-राम लिखते जाते है और कलाकृति बनती जाती है। एक नजर में पेंटिग सामान्य लगता है किन्तु गौर से देखने पर अत्यंत छोटे शब्दों से राम-राम लिखा नजर आता है। चित्रकला में रंगों में, रेखाओं में राम ही राम नजर आता है। प्रर्दशनी में 3 ङ्क 2 फिट के ड्राइंग शीट साइज का विभिन्न देवी-देवताओं का तांत्रिक यंत्र, मार्डन एवं पारम्पारिक शैली के राम-राम शब्दों से 25 चित्र लगाये गये। इनके मुख्य आर्कषण का केन्द्र 35 फिट लम्बे ड्राइंग शीट पर राम-राम लिखकर रामायण के मुख्य प्रसंगों का जिससे राम जन्म से राम दरबार तक का चित्रण अत्यंत दुर्लभ कृति के रूप में सामने आई। इस कलाकृति में करोड़ों बार राम-राम लिखकर रामायण बनाया गया है।

रामायण कृति के लिए चित्रकला को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड, इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकार्ड, इंडिया बुक ऑफरिकार्ड में सबसे लंबी टाइपोग्राफ़िक पेंटिंग (Longest Typographic Painting) के नाम से दर्ज किया गया है। ललित दुबे को चित्रकला एवं मूर्तिकला, समाज सेवा में राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया है। ललित दुबे के पेंटिग प्रर्दशनी में डॉ. राजेश श्रीवास्तव निर्देशक रामायण केन्द्र भोपाल, डॉ. आरजी सोनी सेवानिवृत्त अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक मध्य प्रदेश एवं लेखक राम वनगमन पथ पुनरावलोकन शोध ग्रंथ, कमेश जैमिनी वरिष्ठ छायाकार एवं उपाध्यक्ष पं. राम किंकर उपाध्याय शोध केन्द्र सत्येन्द्र शर्मा भिलाई का विशेष सहयोग रहा।

परियोजना विभाग में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। बीएसपी के परियोजना विभाग के सभागार में 14 मार्च 2024 को मुख्य महाप्रबंधक आर के श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (परियोजनाएँ) हरीश कुमार साहू उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि आर के श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में इस कार्यशाला को अत्यंत ही उपयोगी बताया और कहा कि, हिंदी के क्षेत्र में टेक्नोलॉजी का उपयोग करके हम कार्यालयीन कामकाज को अत्यंत सहज व सरल बना सकते हैं। गूगल ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि, इसके माध्यम से टाइपिंग करना अब केवल बोलने जितना आसान हो गया है। अत: हम सभी को इसकी सहायता से अपने सारे कार्यालयीन कार्य हिंदी में करने में कोई परेशानी नहीं होगी। कार्यशाला में गूगल ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग सीख कर सभी प्रतिभागी अपने अन्य सहकर्मियों एवं अपने संपर्क में आने वाले अधिकाधिक लोगों को वॉइस टाइपिंग के विषय में अवश्य ही बताएँ, ताकि कार्यक्षेत्र के अलावा समाज में भी हिंदी में कार्य करने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहन मिले और हिंदी का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हो। इस अवसर पर हरीश कुमार साहू ने कहा कि हिंदी हम सबकी प्रिय एवं प्रमुख भाषा है। छत्तीसगढ़ में निवासरत हम में से अधिकांश लोगों की मातृभाषा भी हिंदी ही है। हम सारा संवाद हिंदी में ही करते हैं और अधिकतम कार्यालयीन लेखन का कार्य भी हम हिंदी में ही करते हैं। शत-प्रतिशत पत्राचार एवं नोटिंग, ड्राफ्टिंग तथा नोटशीट आदि का कार्य हिंदी में ही करने की दिशा में परियोजनाएँ विभाग निरंतर अग्रसर है। उन्होंने राजभाषा पर आधारित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया तथा सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को परियोजनाएँ विभाग द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यशाला में सर्वप्रथम महाप्रबंधक (परियोजनाएँ) श्री शंकर सिंह नेताम एवं विभागीय समन्वय अधिकारी ने राजभाषा हिंदी के प्रोत्साहन की दिशा में विभाग द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय कार्यों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परियोजना विभाग द्वारा हिंदी में कार्यालयीन कार्यों को लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है। विभाग द्वारा पत्राचार का लगभग 98 प्रतिशत कार्य हिंदी में होता है। सीनियर स्टाफ असिस्टेन्ट श्री सुरेन्द्र कुमार चैहान ने परियोजना विभाग की ओर से राजभाषा हिंदी का विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने गूगल ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग का प्रदर्शन किया एवं ऑनलाइन नोटशीट प्रणाली 'सैप' में हिंदी में नोटशीट बनाने के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही राजभाषा के विभिन्न नियमों एवं सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी और सामान्य ज्ञान, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण एवं वित्तीय शब्दावली पर केन्द्रित प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसके विजयी प्रतिभागी इस प्रकार रहे: प्रथम- प्रदीप कुमार बेहेरा, द्वितीय- राजेश्वर, तृतीय- नरेन्द्र कुमार निषाद प्रोत्साहन पुरस्कार विजेता रहे- सुदीप, सुश्री मोहनिका ताम्रकार तथा सुश्री अंजू बघेल। इन विजेता प्रतिभागियों को राजभाषा विभाग की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

भिलाई सीए ब्रांच ने किया जीएसटी संबंधी एक स्टडी सर्किल का आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई सीए ब्रांच द्वारा जीएसटी संबंधी एक स्टडी सर्किल का आयोजन आज सीए भवन सिविक सेंटर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सीए चिनय सोलंकी उपस्थित रहे। जिन्होंने जीएसटी की विभिन्न जटिलताओं एवं समाधान संबंधी प्रमुख बिंदुओं एवं 10 मिनट में एमएस एक्सेल के माध्यम से जीएसटी के समाधान से उपस्थितजनों को अवगत कराया।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीए चिनय सोलंकी ने पावर क्वेरी का इस्तेमाल कर जीएसटी संबंधी समस्याओं का निवारण आसानी से कियाा जा सकता है। इस संबंध में सावधानी बरतना बहुत जरूरी है। सीए ब्रांच के नवनियुक्त चेयरमेन सीए राहुल बत्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि जीएसटी के 2बी और बुक्स में असंतुलन होने पर इस समस्या का समाधान होना बहुत जरूरी होता है। इसके निवारण में भी समय लगता है।

पहले अधिकारियों की मैराथन बैठक, फिर आचार संहिता लगते ही कार्यवाही के निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। निगम का काम काज सम्हालने के बाद अवकाश के दिन आयुक्त मोनिका वर्मा ने सारे अधिकारियों को तलब किया। उन्होंने पहले विभागवार कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा की। लोकसभा आम चुनाव के लिए आचार संहिता लगने की सूचना मिलते ही तत्काल संपत्ती विरूपण कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

आयुक्त ने निर्देश दिए कि आचार संहिता लगने की सूचना मिलते ही पहले 24 घंटे के भीतर सभी सरकारी भवनों में संपत्ती विरूपण कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय निर्वाचन और राज्य निर्वाचन को भेजी जाने वाली जानकारी में किसी प्रकार की कोताही न बरते।



आयुक्त ने कार्यालय निरीक्षण से पहले महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर से सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने रिसाली के भगौलिक स्थिति पर चर्चा की। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू समेत पार्षदगण उपस्थित थे। आयुक्त मोनिका वर्मा सुबह 11:30 बजे सबसे पहले श्याम नगर स्थित टंकी कार्यालय का निरीक्षण की। उन्होंने सफाई विभाग के कार्यो का निरीक्षण भी किया। वे मुख्य कार्यालय के अलग-अलग कक्ष में संचालित विभाग के कर्मचारियों से जानकारी ली। लोकनिर्माण विभाग में स्वीकृत और निर्माणाधीन कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, निगम सचिव रोहित साहू समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

आयुक्त मोनिका वर्मा ने कर्मचारियों की बैठक लेते कहा कि शनिवार से चुनाव आचार संहिता लागू हो चुकी है। किसी भी स्थिति में अधिकारी कर्मचारी बिना अनुमति के कार्यालय न छोड़े। उन्होंने चुनावी ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को स्पष्ट कहा कि वे ईमानदारी से ड्यूटी करे। किसी तरह की लापरवाही न करे।

भिलाई टाउनशिप की सात ओवर हेड आरसीसी पानी टंकियों के संधारण कार्य का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई टाउनशिप स्थित बीएसपी की सात पानी टंकियों के संधारण कार्य का शुभारंभ, 15 मार्च 2024 को कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा, सेक्टर 6 स्थित पानी टंकी परिसर में नारियल फोड़कर किया गया। संधारण कार्य को पूर्ण करने की जिम्मेदारी सार्वजानिक क्षेत्र की ईकाई, एनबीसीसी को दी गई है। इस संधारण कार्य के अंतर्गत सेक्टर 6 की चार पानी टंकी व खुर्सीपार क्षेत्र की तीन पानी टंकी का संधारण कार्य शामिल है।

इस कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक जे वाय सपकाले, महाप्रबंधक प्रभारी विजय कुमार शर्मा, महाप्रबंधक एच शेखर, महाप्रबंधक विष्णु कुमार पाठक व महाप्रबंधक के के यादव, अतिरिक्त महाप्रबंधक परितोष गोयल, उप महाप्रबंधक डी सी सिंह, सहायक महाप्रबंधक राघवेन्द्र गर्ग, सहायक महाप्रबंधक अनिल सिंह, सहायक महाप्रबंधक सरोज झा, वरिष्ठ प्रबंधक पी एल साहू, वरिष्ठ प्रबंधक (नगर सेवाएं विभाग) विनोद भोंडेकर, उप प्रबंधक (नगर सेवाएं विभाग) मनोज सिंह सहित नगर सेवाएं विभाग के विभिन्न सेक्शन के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

सार्वजानिक क्षेत्र की इकाई एनबीसीसी, इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में निर्माण हेतु एक विश्वसनीय एवं अनुभवी कंपनी है। भिलाई इस्पात संयंत्र और एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड ने तीन वर्ष की अवधि के लिए एक एमओयू साइन किया है। जिसके अंतर्गत, एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड, भिलाई टाउनशिप एवं माइंस क्षेत्र में भावी इन्फ्रास्ट्रक्चर संबधित परियोजनाओं के लिए कंसल्टेंसी एवं प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट सेवायें प्रदान कर रहा है। जिसमें भिलाई टाउनशिप की पानी टंकियों का निर्माण एवं संधारण कार्य, कम्पोजिट बिल्डिंग, सड़क निर्माण, टाउनशिप के क्वार्टरों की मरम्मत एवं गैर आवासीय भवनों का रखरखाव व खेल सुविधाओं के पुनर्निर्माण में सेवायें प्रदान करना आदि शामिल है।

इस कंपनी को अभी टाउनशिप में बड़े निर्माण कार्य जैसे 4 ओवर हेड आरसीसी पानी टंकीयों का निर्माण तथा 7 ओवर हेड आरसीसी पानी टंकियों के संधारण का कार्य दिया गया है।

कंपनी ने नई पानी टंकियों का निर्माण कार्य जनवरी माह से प्रारंभ कर दिया है। इन कार्यों के पूर्ण होने पर टाउनशिप के रहवासियों के मूलभूत सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी।

भिलाई के दो मास्टर्स खिलाड़ियों को मिला शहीद विनोद चौबे सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ सरकार खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा 14 मार्च को राजधानी में राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रदेश के सैकड़ों खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ मास्टर्स एथलेटिक्स एसोशिएशन से जुड़े भिलाई के दो एथलीट टीआर साहू व बीआर साहू को शहीद विनोद चौबे सम्मान से सम्मानित किया गया। इस समारोह के माध्यम से उक्त दोनों खिलाड़ियों को 25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि, प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न दिया गया। दोनों एथलीट का शनिवार को छत्तीसगढ़ मास्टर्स एथलेटिक्स एसोशिएशन द्वारा अभिनंदन किया गया।

अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ मास्टर्स एथलेटिक्स एसोशिएशन के सचिव ताजुद्दीन ने बताया कि राज्य खेल अलंकरण समारोह में सम्मानित टीआर साहू बीएसपी से सेवानिवृत्त हैं। वहीं बीआर साहू सीआईएसएफ से सेवानिवृत्त हुए हैं। यह दोनों खिलाड़ी मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी पदक प्राप्त किया, साथ ही भारत के लिए एशियन मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त किया। इनकी इन्हीं उपलब्धियों के आधार पर लंबे समय से मास्टर्स एथलेटिक्स एवं एथलेक्सि प्रतियोगिता में योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया। ताजुद्दीन ने बताया कि उक्त दोनों खिलाड़ियों को राज्य सरकार ने सम्मान स्वरूप 25,000 रुपए की राशि का चेक, प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न भेंट किया गया। ताजुद्दीन ने बताया कि मास्टर्स एथलीट एसोशिएशन के लिए यह गर्व का विषय है। पिछले पांच वर्षों से राज्य सरकार खेल अलंकरण नहीं दे रही थी और इस बार फिर से यह शुरू किया गया। उन्होंने इसके लिए राज्य सरकार का आभार माना। इसके साथ ही अवार्ड पाने वाले मास्टर्स खिलाड़ियों को भी एसोशिएशन की ओर से बधाई दी गई।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950